# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–223 । सागर, सोमवार, 2 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



5 साल पुराने बहुचर्चित चौखड़ा हत्याकांड के सभी आरोपी दोषमुक्त पृष्ठ 3

▪ राहुल का साहसिक लेख : हिन्दू होने का मतलब निर्भय!
▪ गांधी : युग से आगे तक पृष्ठ 4

▪ अधिकारियों की मिलीभगत क्रेशर संचालक कर रहे अवैध उत्खनन पृष्ठ 6

वृद्धजनों की स्वास्थ्य जांच कर वितरित की दवाईयां पृष्ठ 7


चंदेरी में लाड़ली बहना सम्मेलन : मुख्यमंत्री ने भू-अधिकार आवासीय योजना के तहत 2 हजार पट्टे किए वितरित, कहा

# विकास के लिए पैसों की कोई कमी नहीं रहेगी



## जागेश्वरी माता मंदिर लोक विकसित किया जायेगा

भोपाल,देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अशोक नगर और चंदेरी क्षेत्र के विकास के लिये पैसे की कोई कमी नहीं रहेगी। किसानों के लिये सूखे के संकट में हर संभव मदद की जायेगी। राज्य सरकार उनके साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ी है। उन्हें सर्वे कराकर जल्द राहत राशि वितरित की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज अशोकनगर जिले की चंदेरी तहसील में लाड़ली बहना सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। चंदेरी के ऐतिहासिक जागेश्वरी माता मंदिर में जागेश्वरी माता मंदिर लोक बनाया जायेगा। इस अवसर पर केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, सांसद के.पी. यादव सहित अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भू-अधिकार आवासीय योजना के तहत दो हजार पट्टे वितरित किए गए।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमने जनता के कल्याण की योजनाओं को लागू किया है। पिछली सरकार ने हमारी कई योजनाएं बंद कर दीं थी। हमारी सरकार ने कन्यादान योजना, तीर्थ दर्शन योजना जैसी जन-कल्याणकारी योजनाओं को फिर से शुरू किया है। उन्होंने कहा कि मैं सरकार नहीं परिवार चलाता हूँ। मेरे मन में विचार आया कि बहनों को साल में एक बार पैसा देने से काम नहीं चलेगा। हर महीने एक हजार रुपए उनके बैंक खातों में डालूंगा। यह राशि एक हजार से बढ़ाकर 1250 रुपए कर दी है। धीरे-धीरे लाड़ली बहनों के खातें में यह राशि बढ़ाकर तीन हजार कर दी जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में छूटे पात्र लोगों के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना के अंतर्गत मकान बनाकर दिए जाएंगे।

## गरीबों के हित में काम कर रहे : सिंधिया

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने महिलाओं के हित में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बनाकर अभूतपूर्व कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने चंदेरी को 50 बिस्तर के अस्पताल की सौगात दी है। चंदेरी क्षेत्र का ऐतिहासिक महत्व है। यहां का किला और साड़ी विश्व में प्रसिद्ध हैं। चंदेरी में राजघाट परियोजना से पीने का पानी पहुंचाया है। मध्यप्रदेश में बेटियां बोझ नहीं वरदान हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान प्रदेश में महिलाओं, बेटा-बेटियों, किसानों, युवाओं, गरीबों सहित सभी वर्गों के हित में काम कर रहे हैं।

मध्यप्रदेश की धरती पर किसी भी गरीब को बिना जमीन के नहीं रहने देंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहनों और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की बहनों को अब रसाई गैस 450 रुपए में दी जाएगी। जिन लाड़ली बहनों के नाम रसोई गैस नहीं है, उनके पति के नाम पर दर्ज सिलेंडर बहनों के नाम ट्रांसफर किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गरीब और ग्रामीण बच्चों के लिए निजी स्कूलों से भी बेहतर सीएम राइज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पांचवी और आठवीं पास करके दूसरे गांव जाने वाले बच्चों को साइकिल, बारहवीं में 75 प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप और अपनी शाला में टॉप करने वाले तीन-तीन छात्र-छात्राओं को स्कूटी दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मेडिकल, आईआईटी, इंजीनियरिंग और लॉ कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की फीस राज्य सरकार भरवाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हर घर में परिवार के एक सदस्य को रोजगार देंगे।

# प्रधानमंत्री मोदी आज ग्वालियर आएंगे, 19 हजार करोड़ की परियोजनाओं की देंगे सौगात



**5 को जबलपुर भी आएंगे**

**ग्वालियर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ग्वालियर आएंगे। इस दौरान वे 19 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। श्री मोदी 5 को जबलपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी 2 अक्टूबर को ग्वालियर के दौरे पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री 19 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे. इस दौरान ग्वालियर में श्री मोदी आवास योजना- ग्रामीण अंतर्गत गृह प्रवेश कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी अंतर्गत 1,355 आवासों व अन्य इकाइयों का लोकार्पण कार्यक्रम, जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्वालियर और श्योपुर जिले की 3 जल प्रदाय परियोजनाओं का भूमिपूजन, राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण की 6 परियोजनाओं का भूमिपूजन करेंगे।

श्री शर्मा ने बताया कि इन योजनाओं के साथ ही मध्यप्रदेश के 9 शहर विदिशा, बैतूल, कटनी, बुरहानपुर, नरसिंहपुर, दमोह, आगर-मालवा शाहजहांपुर और ग्वालियर में 50 बिस्तरों की संख्या वाले क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माण परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। श्री शर्मा के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी मध्य प्रदेश में अंतर्गत आने वाले दिल्ली-बड़ोदरा एक्सप्रेस-वे, मालनपुर ग्वालियर में इंडियन ऑयल कारपोरेशन प्लांट, रतलाम टर्मिनल, उज्जैन शहर में एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप विक्रम उद्योग पुरी, ग्वालियर में अटल बिहारी वाजपेई दिव्यांग स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर, आईटीआई इंदौर में शैक्षणिक भवन के निर्माण परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी 5 अक्टूबर को जबलपुर प्रवास के दौरान प्रदेश में 12 हजार करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। प्रधानमंत्री के मध्यप्रदेश दौरे को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है।

20 से अधिक राज्यों के सरकारी कर्मचारी लाखों की संख्या में एकत्रित हुए

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर रामलीला मैदान में जुटी भीड़



▪ कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने भी दिया समर्थन
▪ किसान नेता राकेश टिकैत भी समर्थन देने पहुंचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को पुरानी पेंशन स्कीम की मांग को लेकर लगभग 20 से अधिक राज्यों के सरकारी कर्मचारी लाखों की संख्या में एकत्रित हुए हैं। इस समय देश के 5 राज्यों में पुरानी पेंशन स्कीम लागू है जिसमें कांग्रेस शासित राजस्थान, छत्तीसगढ़ व हिमाचल और महागठबंधन सरकार झारखंड शामिल है, वहीं 2022 में पंजाब में भी पुरानी पेंशन स्कीम लागू है।

कांग्रेस पार्टी भी इसे वापस लाने की मांग कर रही है। इसी कड़ी में कांग्रेस के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कर्मचारियों के इस आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि, वह कर्मचारियों के इस आंदोलन का पूरा समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों का हक है, कर्मचारियों की मांगें जायज है, और सरकार को इसे लागू करना चाहिए। हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर हम कर्मचारियों की मांगों को पूरा कर तुरंत पुरानी पेंशन स्कीम लागू करेंगे।'

## टेंट लगाने की अनुमति नहीं दी

रैली से दिल्ली का रामलीला मैदान खचाखच भरा पड़ा था। नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम से जुड़े संगठन इस रैली में शामिल हुए हैं। वहीं दिल्ली पुलिस ने मैदान में टेंट लगाने की अनुमति नहीं दी है बावजूद इसके कर्मचारियों की भारी संख्या रैली में हिस्सा लेने पहुंची है। 2024 के लोकसभा चुनाव में जातिगत जनगणना और पुरानी पेंशन योजना की मांग प्रमुख मुद्दा बन चुका है।

## दो दिन पहले ही पहुंचने शुरू हो गए थे

दिल्ली शिक्षक संघ (जीएसटीए) के महासचिव अजयवीर यादव ने बताया की देश भर से लाखों कर्मचारी दो दिन पहले ही पहुंचने शुरू हो गए थे। आज रैली के आयोजन में प्रत्यक्षदर्शियों व प्रशासन के अनुसार सात लाख लोगों ने हिस्सा लेकर संख्या का इतिहास कायम किया। पेंशन शंखनाद महारैली में केंद्र सरकार व राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों रेल, ऑर्डिनेंस, हेल्थ सेक्टर और शिक्षा विभाग समेत कई अन्य विभागों के लाखों कर्मचारियों ने दिल्ली पहुंचकर पुरानी पेंशन बहाल करने की हुंकार भरी हैं। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा देश का किसान और मजदूर कर्मचारियों के साथ है वहीं कांग्रेस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली, समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश के एमएलसी लाल बिहारी यादव ने भी कर्मचारियों को संबोधित किया।

राहुल ने हिंदू धर्म पर लिखा लेख

# निर्बल की रक्षा करना ही हिंदू धर्म

## सत्यम, शिवम, सुंदरम नाम से सोशल मीडिया पर किया साझा

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया पर हिंदू धर्म को लेकर एक लेख लिखा। करीब डेढ़ पन्ने के इस लेख में राहुल ने हिंदू होने का मतलब बताया। राहुल ने सत्यम शिवम सुंदरम टाइटल वाले इस आर्टिकल में लिखा कि, निर्बल की रक्षा का कर्तव्य ही उसका धर्म है। हिंदू इतना कमजोर नहीं होता जो हिंसा का माध्यम बने। राहुल लिखते हैं, कि हिंदू वही है, जिस व्यक्ति में अपने भय की तह में जाकर इस महासागर को सत्यनिष्ठा से देखने का साहस है।

उन्होंने लेख में कहा, यह कहना कि हिंदू धर्म केवल कुछ सांस्कृतिक मान्यताओं तक सीमित है उसका अल्प पाठ होगा। किसी राष्ट्र या भूभाग विशेष से बांधना भी उसकी अवमानना है। कांग्रेस नेता ने पूर्वाग्रह तथा भय से मुक्त होकर सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलकर सबको आत्मसात करना ही हिन्दू होने का एकमात्र रास्ता बताया गया है।

श्री गांधी ने हिन्दू होने का मतलब दार्शनिक अंदाज में समझाते हुए कहा, एक हिंदू अपने अस्तित्व में समस्त चराचर को करुणा और गरिमा के साथ उदारतापूर्वक आत्मसात करता है, क्योंकि वह जानता है कि जीवन रूपी इस महासागर में हम सब डूब-उतर रहे हैं। भय का जिक्र करते हुए उन्होंने लिखा जिस व्यक्ति में अपने भय की तह में जाकर इस महासागर को सत्यनिष्ठा से देखने का साहस है- वहीं हिंदू है। एक हिंदू में अपने भय को गहनता में देखने और उसे स्वीकार करने का साहस होता है। जीवन की यात्रा में वह भय रुपी शत्रु को मित्र में बदलना सीखता है। भय उस पर कभी हावी नहीं हो पाता, वरन घनिष्ठ सखा बनकर उसे आगे की राह दिखाता है। एक हिंदू की आत्मा इतनी कमज़ोर नहीं होती कि वह अपने भय के वश में आकर किसी किस्म के क्रोध, घृणा या प्रतिहिंसा का माध्यम बन जाए।

## जिंदगी प्रेम और उल्लास का महासागर

श्री गांधी ने जीवन के अर्थ को परिभाषित करते हुए अपने लेख में लिखा, कल्पना कीजिए, जिंदगी प्रेम और उल्लास का, भूख और भय का एक महासागर है और हम सब उसमें तैर रहे हैं। इसकी खूबसूरत और भयावह, शक्तिशाली और सतत परिवर्तनशील लहरों के बीचोंबीच हम जीने का प्रयत्न करते हैं। इस महासागर में जहां प्रेम, उल्लास और अथाह आनंद है- वहीं भय भी है। मृत्यु का भय, भूख का भय, दुखों का भय, लाभ-हानि का भय, भीड़ में खो जाने और असफल रह जाने का भय। इस महासागर में सामूहिक और निरंतर यात्रा का नाम जीवन है जिसकी भयावह गहराइयों में हम सब तैरते हैं। इसलिए, क्योंकि इस महासागर से आज तक न तो कोई बच पाया है, न ही बच पाएगा।

## सबको आत्मसात करता है हिंदू

कमजोर वर्ग यानी ओबीसी की राजनीति को साधते हुए उन्होंने कहा हिन्दू धर्म कमजोरों की मदद कर और सबको आत्मसात करता है। एक हिंदू अपने अस्तित्व में समस्त चराचर को करुणा और गरिमा के साथ उदारतापूर्वक आत्मसात करता है। सत्य और अहिंसा की शक्ति से संसार की सबसे असहाय पुकारों को सुनना और उनका समाधान ढूंढना ही उसका धर्म है।

## तमिलनाडु में बस खाई में गिरी, 8 पर्यटकों की मौत

**उधगमंडलम, एजेंसी।** तमिलनाडु में ऊटी-मेट्टुपालयम घाट रोड पर शनिवार शाम एक बस के खाई में गिर जाने से आठ पर्यटकों की मौत हो गई और 40 से अधिक अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना मारापालम के पास 9वें हेयरपिन मोड़ के पास हुई जब 57 पर्यटकों को लेकर एक बस कोयंबटूर जिले के मेट्टुपालयम जा रही थी। थेनकासी के पर्यटकों के साथ यह हादसा तब हुआ जब वे दिन भर विभिन्न पर्यटक स्थलों की यात्रा के बाद शाम को ऊटी से लौट रहे थे। चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और परिणामस्वरूप, वह 50 फीट गहरी खाई में गिर गया।

## असम के 4 जिलों से अफसपा हटा

**गुवाहाटी, एजेंसी।** सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफ्सपा) को रविवार से असम के चार जिलों में छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। असम पुलिस दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम में, डीजीपी जी.पी. सिंह ने कहा कि डिब्रूगढ़, तिनसुकिया, शिवसागर और चराइदेव जिले 'अशांत क्षेत्रों' के रूप में सूचीबद्ध रहेंगे। ऊपरी असम के ये चार जिले ऐतिहासिक रूप से उल्फा के गढ़ रहे हैं। 'अशांत क्षेत्र' अधिसूचना छह महीने के लिए वैध है, जिसके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) इसे बढ़ाने का निर्णय ले सकता है। उन्होंने कहा कि 1 अक्टूबर से चार जिलों जोरहाट, गोलाघाट, कार्बी आंगलोंग और दिमा हसाओ से अशांत क्षेत्र का टैग हटा लिया गया है। 1990 के बाद से पूरा राज्य 'अशांत क्षेत्र' अधिसूचना के दायरे में था। हालाँकि, अफ्सपा के तहत 'अशांत क्षेत्र' अधिसूचना को केंद्र ने पिछले साल राज्य के नौ जिलों को छोड़कर सभी से हटा दिया था। मार्च में इसे एक और जिले से हटा दिया गया। पिछले महीने, राज्य सरकार ने केंद्र को प्रस्ताव दिया था कि 'राज्य की सुरक्षा स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार और उसके बाद त्वरित विकास' के मद्देनजर 1 अक्टूबर से सभी आठ जिलों से अशांत क्षेत्रों की अधिसूचना हटा दी जाए।




# मंत्री भूपेंद्र सिंह ने सड़कों पर झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश



**खुरई, देशबन्धु।** मंत्री भूपेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता के लिए श्रमदान आह्वान पर खुरई की सड़कों पर झाड़ू लगाई, जनप्रतिनिधियों व युवाओं के साथ स्वच्छता रैली निकाली। उन्होंने सफाई मित्रों का सफाई किट व प्रशस्ति पत्र देकर पुष्प वर्षा करते हुए सम्मान किया। मंत्री श्री सिंह ने बताया कि जगदीशपुरा में गरीबों के लिए सुराज कालोनी नाम से आवासीय कालोनी की स्वीकृति शासन से हो गई है। स्वच्छता दिवस पर रविवार को प्रात: से ही खुरई के गणमान्य नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न स्थानों पर सफाई के लिए श्रमदान किया। भूपेंद्र सिंह ने परसा चौराहे पहुंचकर यहां से झाड़ू उठाकर सफाई कार्य किया। श्री सिंह के नेतृत्व में श्रमदान के साथ स्वच्छता का संदेश देते हुए रैली निकाली गई जो झंडा चौक होते हुए महाकाली शेड में समारोह में परिवर्तित हो गई। यहां सफाई मित्रों का पुष्प वर्षा के साथ सफाई सुरक्षा किट, हेलमेट, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। एक सफाई कर्मी लाडली बहना के चरण छूकर मंत्री भूपेंद्र सिंह ने आशीर्वाद लिया। स्वच्छता रैली में शामिल हुए छात्र-छात्राओं का भी पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया और स्वच्छता का महत्व बताने वाले नारे लगाए। स्वच्छता जागरूकता हेतु आयोजित दौड़ प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। मंत्री श्री सिंह ने इस अवसर पर कहा कि यह आयोजन स्वच्छता का संदेश देने और जागरूकता के लिए महत्वपूर्ण है। यह समझने के लिए भी है कि स्वच्छता की जिम्मेदारी सिर्फ सफाई कर्मियों और सरकार की ही नहीं है, हरेक नागरिक की भी अपने तरह से जिम्मेदारी है कि वह अपने जीवन में स्वच्छता की भावना को उतार ले। मंत्री श्री सिंह ने सीएमओ को निर्देश दिए कि सभी सार्वजनिक स्थानों पर बड़े-बड़े डस्टबीन रखवाये जाएं ताकि दुकानदार उनमें अपनी दुकान की डस्टबीन खाली कर सकें। उन्होंने बताया कि जगदीशपुरा की मुक्त कराई गई शासकीय भूमि पर शासन ने सुराज कालोनी बनाने की स्वीकृति जारी कर दी है जिसका भूमिपूजन 4 अक्टूबर को होगा। नक्शा दिखाते हुए उन्होंने कहा कि यह 60 फ्लेटों की कालोनी दो मंजिला होगी जिसमें गरीबों को मकान आवंटित किए जाएंगे। खुरई में 5 अक्टूबर को देश प्रदेश के बड़े उद्योगपतियों को एक इन्वेस्टर सम्मेलन में बुलाया जा रहा है। उद्योगपतियों के समक्ष खुरई विधानसभा क्षेत्र में मौजूद भूमि, बिजली, पानी, सड़क आदि का विस्तृत प्रजेंटेशन दिया जाकर उन्हें यहां उद्योग लगाने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

# बुजुर्ग हमारे बहुमूल्य पूंजी हैं, इस पूजी को सहेजकर संभालकर रखना होगा: कलेक्टर



**सागर, देशबन्धु।** बुजुर्ग हमारे बहुमूल्य पूंजी होते हैं, हमें इन्हें संभलकर एवं सहेजकर रखना होगा। उक्त विचार कलेक्टर दीपक आर्य ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं के सम्मान समारोह में व्यक्त किये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी, जिला पंचायत सीईओ पीसी शर्मा, संयुक्त कलेक्टर शैलेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में वृद्ध जन मौजूद थे। दीपक आर्य ने कहा कि सभी बुजुर्ग हमारी धरोहर एवं बहुमूल्य पूंजी होते हैं इनको संभलकर एवं सहेजकर रखना होगा। जिनके मार्गदर्शन में हम आगे बढ़ते चलेंगे। बुजुर्ग अपने परिवार के साथ हम सभी को आशीर्वाद देते हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग की निर्देश पर सभी को मतदान करने की शपथ भी दिलाई और कहा कि आप सभी अपने परिवार को, मित्रों को एवं सगे संबंधियों को मतदान करने के लिए आवश्यक जागरूक करें। सपना त्रिपाठी ने कहा कि बुजुर्गों के कारण ही आज हम सभी इतने आगे बढ़ पाए हैं उनका सदैव सम्मान करते रहना चाहिए। पीसी शर्मा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस पर आज वृद्धजनों का सम्मान कर मैं अभिभूत हूं और अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। भव्या त्रिपाठी ने कहा कि बुजुर्गों के आशीर्वाद से परिवार सुख समृद्धि एवं संपन्न होता है। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के आह्वान पर सभी बुजुर्गों ने अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम का संचालन श्रीराम दुबे ने किया जबकि आभार संयुक्त कलेक्टर शैलेंद्र सिंह ने माना।

## सार-समाचार

### अंशकालीन सफाई कर्मचारियों का अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन



**सागर, देशबन्धु।** रविवार को अजाक्स अंशकालीन सफाई कर्मचारियों का दूसरे दिन भी खेल परिसर के पास अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जारी रहा कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करने लीलाधर अहिरवार, हेमन्त आजाद, शंकरलाल कोरी, राजेन्द्र सनकत, सुदेश सनकत, सुदामा मछन्दर आदि ने धरना प्रदर्शन में पहुंचकर अपना समर्थन दिया।

### मुख्यमंत्री के साथ किया पौधारोपण



**सागर, देशबन्धु।** आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्मार्ट सिटी पार्क भोपाल में किया पौधारोपण मुख्यमंत्री के साथ रविवार को भोपाल स्मार्ट सिटी पार्क में डॉ. अनिल तिवारी, संस्थापक कुलपति स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर एवं डॉ. प्रतिभा तिवारी, सौम्या तिवारी, स्वस्ति तिवारी, राम धाकड़ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को सॉल श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत कर पौधारोपण किया डॉ. अनिल तिवारी ने मुख्यमंत्री से आत्मनिर्भर भारत के कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह किया।

### शराब के नशे में बेटे ने कर दी पिता की हत्या

**बीना, देशबन्धु।** बेथनी टोला गांव में शराब के नशे में बेटे ने अपने पिता के साथ लाठी से मारपीट कर दी। इससे सिर में चोट आने से पिता की मौत हो गई। भानगढ़ थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि बेथनी टोला गांव में शराब के नशे में पिता और बेटे में किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया, इसके बाद दोनों में मारपीट हो गई। इसमें जाहर आदिवासी ने अपने पिता दिब्बा उर्फ देवी सिंह पिता जालम आदिवासी 55 के साथ लाठी से मारपीट कर दी। इसमें पिता को सिर में चोट आई और पिता की मौत हो गई। घटना के बाद से आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने बेटे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत

# 1 तारीख 1 घंटा अभियान के तहत चकराघाट पर श्रमदान कर जलकुंभी निकाली



**सागर, देशबन्धु।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गांधी जयंती के एक दिन पूर्व प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक तारीख एक घंटा सामूहिक स्वच्छता अभियान के अंतर्गत प्रात: 10 बजे से नगर के समस्त 48 वार्डों में सामूहिक स्वच्छता की विभिन्न गतिविधियों के साथ चकराघाट पर विधायक शैलेंद्र जैन, महापौर संगीता तिवारी, महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी, निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के साथ पार्षदों, अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधियों, एनएसएस और स्कूली छात्रों, स्वसहायता समूह की महिलाओं और नागरिकों ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर चकराघाट पर तालाब की जलकुंभी को निकालकर सामूहिक स्वच्छता का संदेश देते हुए स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक किया। इस अवसर पर महापौर संगीता तिवारी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आवाज पर एक अक्टूबर को प्रात: 10 बजे से स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत पूरे देश में सामूहिक रूप से स्वच्छता गतिविधियां की जा रही है। महात्मा गांधी जी ने नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था और स्वच्छ भारत का सपना देखा था, वे चाहते थे कि देश के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। विधायक शैलेंद्र जैन ने इस अभियान को प्रधानमंत्री अनूठी पहल बताते हुए कहा कि स्वच्छता के लिए सामूहिक जिम्मेवारी और जागरूकता आवश्यक है, नागरिकों को सामूहिक रूप से अपने वार्ड में समय-समय पर स्वच्छता के आयोजन करना चाहिए जिससे वार्ड और शहर स्वच्छ होगा। महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छता के लिए 1 घंटे श्रमदान की अपील पर देशभर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के पूर्व उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा इस अभियान से प्रेरणा लेकर नागरिक इस अभियान को सिर्फ एक दिन ही नहीं बल्कि प्रतिदिन करें तो इससे हमारा मोहल्ला, नगर, प्रदेश और देश कचरा मुक्त और स्वच्छ रहेगा।

## अधिकारी कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 को संपन्न करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने केंद्र एवं राज्य सरकार के समस्त कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारियो के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। दीपक आर्य ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत समस्त केंद्र एवं राज्य सरकार के कार्यालय में कार्यरत अधिकारी कर्मचारी चुनाव आचार संहिता के अंतर्गत कार्य करेंगे। विधानसभा चुनाव 2023 पूर्ण होने तक सभी कर्मचारियों की सेवाएं अनिवार्य घोषित की एवं सभी प्रकार के अवकाश विशेष कारणों को छोड़कर प्रतिबंधित की गई। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि विशेष कारणों तथा प्राकृतिक आपदा या बीमारी के संबंध में जिला मेडिकल बोर्ड के प्रमाण पत्र पर प्रथम/द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों के मामले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के मामले में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी सागर द्वारा स्वीकृत/अनुमति उपरान्त अवकाश/ मुख्यालय छोड़ने की पात्रता होगी।

# केंद्रीय जेल की सधिकार समिति द्वारा डीपीआर हुई अनुमोदित, शीघ्र ही कार्य होगा प्रारंभ



**सागर, देशबन्धु।** सधिकार समिति की बैठक में सागर के केंद्रीय जेल को पुनरावृत्तिकरण योजना के तहत डीपीआर का अनुमोदन किया गया जिससे अब शीघ्र ही केंद्रीय जेल का कार्य प्रारंभ होगा। वर्चुअल कान्फ्रेंस के माध्यम से रविवार को मुख्य सचिव इकबाल सिंह बेस की अध्यक्षता में हुई सधिकर समिति की बैठक में सागर की केंद्रीय जेल को चितौरा के पास 200 एकड़ जमीन पर 250 करोड़ रुपए की लागत से तैयार करने के लिए अनुमोदन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक आर्य, हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन यंत्री जीएस दुबे, केंद्रीय जेल के अधीक्षक दिनेश नार्वे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर दीपक आर्य ने बताया कि मप्र शासन की पुनरावृत्तिकरण योजना के तहत केंद्रीय जेल को सागर शहर से अन्यत्र स्थापित करने के लिए योजना तैयार की गई थी जिसमें हाउसिंग बोर्ड द्वारा 5000 बंदियों के लिए 200 एकड़ जमीन चितौरा ग्राम के पास चयनित की गई। अत्याधुनिक सर्व सुविधा युक्त जेल बनाने के लिए 250 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जाएगी। केंद्रीय जेल 1843 में निर्मित हुई थी एवं 894 कैदियों के विरुद्ध लगभग अट्ठारह सौ निरुद्ध है। सागर विकासखंड के ग्राम चितौरा में खसरा नंबर 441 एवं 448/1 रकवा 185.28 हेक्टेयर से 80 हेक्टेयर चिन्हित की गई है। केंद्रीय जेल के निर्माण के लिए सधिकार समिति द्वारा डीपीआर को स्वीकृति दी गई है। शीघ्र ही टेंडर लगाए जाएंगे और टेंडर स्वीकृत होते ही कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

# वृद्ध जन हमारे बरगद रूपी परिवार की जड़े हैं: विधायक



**सागर, देशबन्धु।** अंतराष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर आनंदाश्रम में वृद्ध जन के बीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन, विशिष्ट अतिथि शैलेश केसरवानी एवं न्यायाधीश एसबी साहू थे। विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृद्ध जनों का सम्मान ही परिवार की खुशहाली है। परिवार में वृद्धाजन ही हमें जीने की नई राह सिखाते हैं। परिवार के बड़े बुजुर्गों से मिले अच्छे संस्कार ही जीवन की दिशा और दशा बदलते हैं इसलिए वृद्धजनों का सम्मान हमें सदैव करते रहना चाहिए। शैलेश केसरवानी ने कहा कि मनुष्य का जीवन अपने माता-पिता का दिया हुआ रहता है यदि मनुष्य जीवन में अपने माता-पिता का त्याग कर दे तो उससे ज्यादा दुर्भाग्यशाली कोई नहीं होता मैं अपने माता-पिता के आशीर्वाद से ही आज इस मुकाम पर पहुंचा हूं। कार्यक्रम को न्यायाधीश एसबी साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में एडीएम सपना त्रिपाठी, जेपी पांडे, जिला पंचायत सीईओ पीसी शर्मा, संयुक्त कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, वीरेंद्र जैन मालथौन, कैलाश देवलिया, विष्णु आर्य, शुकदेव प्रसाद तिवारी आदि उपस्थित थे।

## नि:शुल्क शतरंज प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**सागर, देशबन्धु।** रविवार को रोटरी क्लब ऑफ सागर के रोटरी कम्युनिटी कॉर्प आरसीसी के द्वारा रोटरी कम्युनिटी कॉर्प आरसीसी शतरंज प्रशिक्षण रविवार सुबह 9 बजे कांची रेस्टोरेंट सिविल लाइन में अंशुल भार्गव के मुख्य आतिथ्य, आरसीसी चैयरमेन अधि. वीनू शमशेर जंग बहादुर राणा, आरसीसी बहेरिया के अध्यक्ष फिडे ऑर्बिटर अंकुर सिंह ठाकुर, गीतांजली वासवानी, आशीष त्रिपाठी की उपस्थिति में किया गया। इस प्रशिक्षण में 22 बच्चों ने सहभागिता की। यह प्रशिक्षण हर रविवार को सुबह 9 से 11 तक नि:शुल्क दिया जाएगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शतरंज में बच्चो की दिलचस्पी बढ़े और जिससे उनके खेल के स्तर में बढ़ोतरी हो एवं आगामी 5 बर्षो में सागर के छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सके।

## गणेश प्रसाद वर्णी जी की जन्म जयंती पर होगें, 100 से ज्यादा स्थानों पर कार्यक्रम



**सागर, देशबन्धु।** परम पूज्य गणेश प्रसाद वर्णी जी, जैन समाज में शिक्षा के क्षेत्र में अलख के जागने वाले युग पुरुष थे। आज भी उनके द्वारा स्थापित गुरुकुल जीवंत है। संस्कृत महाविद्यालय एवं वर्णी स्नातक संस्थान मोराजी सागर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम आज 2 अक्टूबर से वर्णी भवन मोराजी में प्रारंभ होगा। पूज्य वर्णी जी की जन्म जयंती के कार्यक्रम देश के सौ स्थानों पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न होगें। जिसमें सागर, कानपुर, जबलपुर, मड़ावरा,द्रोणगिरी वाराणसी, छतरपुर, खरगपुर, शाहगढ़, खतौली मुख्य रूप से है। मनीष विद्यार्थी ने बताया कि पूज्य वर्णी जी का जन्म असाटी समाज में हुआ था, लेकिन जैन धर्म पर आस्था के कारण एवं शताधिक शिक्षण संस्थाओं की स्थापना करवाने से वह जैन समाज के श्रेष्ठ संतों में स्थान प्राप्त है। इस कार्यक्रम की संयोजन में पिछले दो-तीन वर्षो से मोराजी समिति के अध्यक्ष संतोष पटना, मंत्री डॉ. क्रांति कुमार सराफ, उप मंत्री मुकेश जैन, राजेश शास्त्री आदि के अथक प्रयासों से वर्णी जी की जन्मस्थली हंसेरा में वर्णी स्मारक का निर्माण एवं 150 वीं जन्म जयंती का यह आयोजन में सक्रिय भूमिका मोराजी प्रबंध समिति एवं वर्णी स्नातक संस्थान के छात्रों द्वारा निस्वार्थ भाव से संयोजित किया गया है, जो जैन प्रभावाना का निमित्त बनेगा।

## मल्टीलेवल पार्किंग एवं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का भूमिपूजन आज

**सागर, देशबन्धु।** शहर की बहुप्रतीक्षित मांग मल्टीलेवल पार्किंग एवं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का भूमिपूजन आज बतौर मुख्य अतिथि मंत्री भूपेंद्र सिंह करेंगे। कार्यक्रम शाम 5 बजे से म्युनिसिपल स्कूल परिसर के सामने होगा। विशिष्ट अतिथि सांसद राजबहादुर सिंह, विधायक शैलेंद्र जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार होंगे। अध्यक्षता महापौर संगीता तिवारी करेंगी। महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी ने बताया इस मौके पर मंत्री भूपेन्द्र सिंह का नागरिक अभिनंदन भी महापौर और नगर निगम के पार्षदों द्वारा शहरवासियों की तरफ से किया जा रहा है। इंडिया स्मार्ट सिटीज मिशन में मप्र को देश में नंबर.1 बनाने और शहर को मल्टीलेवल पार्किंग की सौगात देने के लिए यह नागरिक अभिनंदन किया जा रहा है।

# कटारे की यह कृति बुंदेली गजल के नए प्रतिमान स्थापित करेगी: सुरेश आचार्य




**सागर, देशबन्धु।** अपनी बुंदेली कविताओं और गीतों से नगर के साहित्य जगत में विशिष्ट स्थान बनाने वाले युवा कवि प्रभात कटारे की प्रथम कृति बुंदेली गजल एवं गीत संग्रह ऑच सॉच पै का लोकार्पण श्यामलम् द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुरेश आचार्य ने अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कहा कि बुंदेली की साहित्यिक रचनात्मकता बहुत पुरानी है। जगनिक का आल्हा खंड और गोस्वामी तुलसीदास की रामचरितमानस उसकी आंशिक उपस्थित दर्शाते हैं। प्रभात कटारे की यह कृति बुंदेली गजल के नए प्रतिमान गढ़ेगी। मुझे उम्मीद है कि प्रभात कटारे की कीर्ति की जुंदैया खूब छिटकेगी। मुख्य अतिथि बुंदेली स्तम्भकार एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शरद सिंह ने बुंदेली में अपना वक्तव्य देते है कहा कि प्रभात कटारे की बुंदेली गजलन औ गीतन में गजब को स्पार्क आए। बे जो कैत, सीधे कैत आएं। सगरी जनता की कैत आएं। मोए पूरो भरोसो आय के प्रभात कटारे बुंदेली साहित्य खों अपनी गजलन से एक अलगई मुकाम पे पौंचा देहें। नई उमर के कवियों को ई तरां बुंदेली में लिखबो अपनी बुंदेली के लाने एक अच्छो नेग कओ जा सकत आय। सारस्वत अतिथि डॉ. हरीसिंह गौर विवि में राजभाषा प्रकोष्ठ के हिंदी अनुवादक अभिषेक ऋषि सक्सेना ने कहा कि रचनाकार की एनाटॉमी बड़ी जटिल होती है। वह किसी भी घटना की इस तरह अनुभूति करता है जैसे उसने स्वयं उसे भोगा हो, यही विलक्षण गुण उसे जनसाधारण से अलग बनाता है। प्रभात की रचनाओं में इस बात की तस्दीक सहज ही की जा सकती है। इस अवसर पर पुस्तक के लेखक प्रभात कटारे का अभिनंदन श्यामलम् एवं नगर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा शॉल, श्रीफल, पुष्पहार व अभिनन्दन पत्र भेंट कर किया गया। अभिनंदन पत्र वाचन श्यामलम् सह सचिव संतोष पाठक ने किया। लेखकीय वक्तव्य में प्रभात कटारे ने काव्य रचना के प्रति अपनी रुचि को सागर नगर के साहित्यिक वातावरण से प्राप्त प्रेरणा और बुंदेली भाषा के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना का प्रतिफल कहा। उन्होंने विमोचित कृति की कुछ कविताओं का वाचन किया जिनका उपस्थित श्रोताओं ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। श्यामलम् अध्यक्ष उमाकान्त मिश्र ने कार्यक्रम परिचय और स्वागत उद्बोधन दिया। संचालन युवा कवि कपिल चौबे ने किया तथा स्वर संगम समिति के अध्यक्ष हरीसिंह ठाकुर ने आभार प्रदर्शन किया।

**खुलासा** हीरापुर के मंदिर में हुई चोरी की वारदात का हुआ खुलासा

# आरोपियों ने चांदी आभूषण गढाकोटा में किए थे विक्रय





**बण्डा/ शाहगढ़, देशबन्धु।** एसडीओपी शिखा सोनी ने चौकी हीरापुर थाना शाहगढ में 21 सितम्बर 2023 को जानकी रमण मंदिर में हुई चोरी की घटना के मामले में प्रेसवार्ता कर खुलासा किया। खुलासे के दौरान उन्होंने बताया 21 सितम्बर 23 को फरियादी जानकी रमण मंदिर हीरापुर के पुजारी हरगोविंद पिता दयाराम पाठक उम्र 60 साल निवासी वार्ड क्र. 2 हीरापुर थाना शाहगढ जिला सागर द्वारा अज्ञात आरोपी के विरुद्ध 20-21 सितम्बर 23 की दरम्यानी रात जानकी रमण मंदिर हीरापुर का ताला तोड़कर मंदिर के अंदर से भगवान राम, लक्ष्मन, सीता जी के ऊपर लगे हुये चांदी के तीन छत्र भगवान राम, लक्ष्मन जी के चांदी के कान के कुण्डल एव भगवान के चांदी के धनुष बाण सभी का वजन करीब डेढ किलो कीमत करीब 1 लाख रुपये चोरी करने रिपोर्ट की, जिस पर अप.क्र. 342/23 धारा 457,380 भादविका पंजीबद्ध किया गया था। थाना शाहगढ के अप. क्र. 342/23 धारा 457,380 भादवि के अज्ञात आरोपी व चोरी गये मसरूका कीमत करीब 1 लाख रुपए की तलाश हेतु टीम गठित की गई। अज्ञात आरोपी व मसरूका की घटना दिनांक से तलाश की गई थाना एवं चौकी हीरापुर एवं आस पास के कस्बा शाहगढ बक्सवाहा बड़ामलहरा के मुखबिर से जानकारी एकत्रित कर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जाकर लोगों की उपस्थिति के संबंध मे जानकारी जुटाई गई। वैज्ञानिक तकनीकि का प्रयोग कर मुखबिर की सूचनाओं के आधार पर संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश की गयी तथा संदेहियो से पूछताछ की, जिसमे निम्न संदेहियों के द्वारा चोरी करना स्वीकार किया।

आरोपी रोहन गौड़ उर्फ दाऊ उर्फ तावड़े पिता साहब सिंह गौड़ उम्र 31 वर्ष निवासी मोठार थाना गढ़ाकोटा, छोटू लोधी पिता राजकुमार लोधी उम्र 21 वर्ष निवासी नवलपुर थाना गढ़ाकोटा जिला सागर, चार्ली अहिरवार पिता हरिदास अहिरवार उम्र 30 वर्ष निवासी मोठार पठिरया थाना गढ़ाकोटा हाल लक्ष्मीनगर मकरोनिया सागर जिला सागर, प्रिंस बाल्मीकि पिता राजेश बाल्मीकि उम्र 21 वर्ष निवासी लक्ष्मीनगर मकरोनिया सागर जिला सागर इन आरोपियो से उनके निवास स्थानों पर जाकर पूछताछ की गई चारो संदिग्धों ने अपना अपना जुर्म स्वीकार किया। मेमोरेंडम मे बताया गया कि 19 सितम्बर 23 को चार्ली एवं रोहन ने हीरापुर जाकर पहले मंदिर की रैकी की बाद में दिनांक 20-21 सितम्बर 23 की दरम्यानी रात को मंदिर में घुसकर चोरी कर भगवान के आभूषण चुरा लिये। मंदिर के बाहर प्रिंस एवं धर्मेन्द्र यादव ने निगरानी की थी एवं चार्ली एवं रोहन ने कटर व लोहे की रॉड से मंदिर के ताले कुंदा सांकर को काटकर अंदर घुसकर चोरी की। मंदिर के चोरी किये गये चांदी के आभूषण संदीप सोनी निवासी गढ़ाकोटा को विक्रय किये थे। जो समस्त चांदी के आभूषण जप्तकर लिये तथा संदीप सोनी को भी मामले मे गिरफ्तार किया गया है। चोरी मे प्रयुक्त किया गये कटर, लोहे की राड, मोटरसाइकिल चोरी गये चांदी के आभूषण कीमत करीब 1 लाख रूपये को भी पृथक-पृथक आरोपियों से जप्त किया गया। उपरोक्त मंदिर चोर गिरोह के द्वारा पूर्व में भी बण्डा एवं शाहगढ में मंदिरो में चोरी करना स्वीकार किया गया जिसकी तस्दीक की जा रही है। उपरोक्त आरोपियों पर पूर्व में चोरी, लूट, मारपीट एवं अन्य अपराध विभिन्न थानो में दर्ज है। गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी निरीक्षक एलएल उइके, चौकी प्रभारी हीरापुर उप निरी, अरविंद सिंह ठाकुर, दिनेश, रामकिशोर, प्रताप चौरसिया एवं सायबर सेल से अमित तथा अमर का विशेष योगदान रहा।

# सार समाचार

## मतदान केंद्र आने का दे रहे न्योता



**बक्सवाहा, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन में आगामी निर्वाचन कार्यक्रमो में मतदाताओं की शत- प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले में मतदान केंद्र स्तर पर वृद्ध जन सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है जिसके अंतर्गत बकस्वाहा नगर परिषद के अलावा विकासखंड की ग्राम पंचायत सानोधा, गढ़ोई, वीरमपुरा में मतदान केंद्र स्तर पर वृद्ध जन मतदाताओं विशेष कर 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं का ग्राम पंचायत में पहुंच कर सम्मान किया गया है तथा निर्वाचन में शत प्रतिशत सहभागिता के लिए मतदान केंद्र आने का न्योता भी बूथ लेवल ऑफिसर दे रहे हैं। इसी कड़ी में तहसीलदार भरत पांडे ने रविवार को बक्सवाहा विकास खंड की ग्राम पंचायतो में पहुंचकर वृद्ध मतदाताओं को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया और उन्हें निर्वाचन कार्यक्रम में सहभागी बनने और दूसरों को भी प्रेरित करने का आग्रह किया।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बुजुर्ग मतदाताओं को मिला सम्मान



**छतरपुर, देशबन्धु।** रविवार को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन में बुजुर्ग मतदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान

एक दर्जन से अधिक बुजुर्ग मतदाताओं का शॉल और पुष्पहारों से सम्मान करते हुए कलेक्टर ने उनसे अपील की है कि वे युवा पीढ़ी को मतदान के लिए जागरुक करें। कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची 113 वर्षीय बुजुर्ग मतादाता श्रीमती मुन्नी देवी आने वाले चुनाव में मतदान के लिए काफी उत्साहित थीं। कलेक्टर ने बताया कि आगामी चुनाव के लिए बनाए जा रहे मतदान केन्द्रों पर बुजुर्ग मतदाताओं के लिए बेहतर इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि बुजुर्ग मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

## शिक्षको ने किया श्रमदान

**घुवारा, देशबन्धु।** स्वच्छता सेवा अंतर्गत 2 अक्टूबर 2023 गांधी जयंती के शुभ अवसर की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को आदरांजलि दिए जाने हेतु 1 अक्टूबर 2023 को एक साथ एक घण्टे स्वच्छता के लिए श्रमदान का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य श्री बी एल प्रजापति व माध्यमिक शाला के हैटमास्टर साबियल टुप्पो के मार्गनिर्देशन में सभी शिक्षकों एवं स्काउट एवं गाइड, रेड क्रॉस, खेल प्रतियोगी छात्राओं एवं विद्यालय की अन्य सभी छात्राओं ने विद्यालय में स्वच्छता हेतु श्रमदान एवं वृक्षारोपण किया गया साथ की विधालय के परिसर मे झाड़ू लगाकर विद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया वहीं छात्राओं ने स्वच्छता विषय पर निबंध प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में भाग लिया। तीनों प्रतियोगिताओ में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

### दो दर्जन से अधिक मजदूर हुए घायल

# पिकअप पलटी, 2 की मौत



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के किशनगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत राईपुरा घाटी में रविवार को मजदूरों से भरे एक पिकअप वाहन के पलट जाने के कारण दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं, जबकि एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया था जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक किशनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मतीपुरा के आदिवासी परिवारों के लोग एक पिकअप वाहन में सवार होकर उत्तरप्रदेश के मऊ कस्बे में मजदूरी के लिए जा रहे थे। इसी दौरान किशनगढ़ और बिजावर के बीच राईपुरा घाटी में पिकअप वाहन का एक टायर पंचर हुआ और पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई।

दुर्घटना में मतीपुरा निवासी कैलाश पुत्र सुखलाल आदिवासी की मौके पर ही मौत हो गई थी, जिसकी पुष्टी बिजावर अस्पताल में हुई। दो दर्जन से अधिक महिला-पुरुष तथा बच्चे घायल थे बिजावर के अस्पताल ले जाया गया था जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में एक अन्य घायल महिला भगवती आदिवासी की भी मौत हो गई। घायलों ने बताया कि घटना के वक्त पिकअप चालक शराब के नशे में था।

## सडक़ पर बैठे मवेशी से टकराई बाईक, अधेड़ की मौत

**बमीठा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र अंतर्गत छतरपुर-पन्ना हाईवे पर बीती रात एक बाईक सवार अधेड़ सडक़ पर बैठे मवेशी से टकरा गया, और दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम खुडन् का रहने वाला 55 वर्षीय गोविंददास पुत्र नंदी यादव बीती रात करीब साढ़े 9 बजे अपने घर से ग्राम राजामोटा जाने के लिए निकला था। बमीठा और चंद्रनगर के बीच हाईवे पर चन्देल ढाबा के पास गोविंददास की बाईक सडक़ पर बैठे मवेशी से टकरा गई और जमीन पर गिरकर घायल होने के बाद गोविंददास ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए राजनगर भिजवाया।

### नौगांव प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सुनाया फैसला

# 5 साल पुराने बहुचर्चित चौखड़ा हत्याकांड के सभी आरोपी दोषमुक्त

**नौगांव, देशबन्धु।** नौगांव प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार शर्मा की अदालत ने थाना क्षेत्र के चौखड़ा गांव के बहुचर्चित हत्याकांड के चले मामले में पांच साल बाद फैसला सुनाते हुए सभी 15 आरोपियों को दोषमुक्त करते हुए बरी कर दिया।

अधिवक्ता विवेक जैन ने बताया कि 03 फरवरी 2018 को चौखड़ा निवाड़ी कृपाराम यादव ने पुलिस को सूचना दी थी उसके वृद्ध भाई श्रीपत यादव को कुछ लोगों के द्वारा अपहरण करके मारपीट कर हत्या कर दी गई है। जिसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने जयपाल यादव पिता द्वारकाप्रशाद यादव, निकुन उर्फ परशुराम यादव पिता जुगल किशोर यादव, जाली यादव पिता सोना यादव, भरत लाल उर्फ सद्दू यादव पिता हरिदास यादव, जज्जू उर्फ जाहर सिंह यादव पिता मदन गोपाल यादव, देवेंद्र यादव पिता मदनपाल यादव, रतन यादव पिता मदनपाल यादव, रवि यादव पिता राधे लाल यादव, सोना यादव पिता भगवानदास यादव, मनमोहन यादव पिता हरी यादव, मैयादीन यादव पिता जुगलकिशोर यादव सभी निवासी चौखड़ा थाना नौगांव जिला छतरपुर, नरेंद्र यादव पिता राधेलाल यादव निवासी थाना अजनर, रज्जू यादव पिता गोविंद दास यादव निवासी चौखड़ा, मूलचंद्र यादव पिता सोना यादव निवासी चौखड़ा एवं अशोक यादव पिता हरदास यादव निवासी देरी रोड छतरपुर के खिलाफ विभिन्न धाराओं 147,148,149, 302 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच में लिया था। जिसके बाद पांच साल से ज्यादा चले मामले में पुलिस की जांच, गवाह एवं बयान के बाद नौगांव अपर सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार शर्मा की अदालत ने शनिवार को फैसला सुनाते हुए सभी पंद्रह आरोपियों को दोषमुक्त मानते हुए बरी कर दिया। अदालत ने अपने फैसले में माना कि पीड़ित पक्ष ने पुरानी रंजिश के चलते दोषमुक्त हुए लोगों के नाम शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके बाद अदालत ने सभी आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। अभियुक्तगणों की ओर से अधिवक्ता जीसी चौरसिया, अधिवक्ता हेमंत पाठक, अधिवक्ता राजेंद्र कुमार गुप्ता एवं अधिवक्ता शेर सिंह तोमर ने जबकि अभियोजन की ओर से अधिवक्ता दयाराम पाठक के द्वारा पैरवी की गई।

## लक्जरी कार से की जा रही थी गांजे की तस्करी

**छतरपुर, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा रविवार को गांजा की तस्करी करने वालों के विरुद्ध एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया गया है। कोतवाली पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में गांजा तस्करी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को एक लग्जरी कार और 39 किलो अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि रविवार को एक मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग अर्टिगा कार में अवैध गांजा ले जा रहे हैं। सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के ग्राम सरानी के पास उक्त कार को पकड़ा गया। कार की तलाशी लेने पर उसमें 39 किलो गांजा मिला, जिसे जप्त कर लिया गया है। इसके साथ ही कार में सवार चार आरोपियों को भी हिरासत में लिया गया है।

### डेरापहाड़ी पर हुआ श्रीजी का मंगल अभिषेक पूजन, मनाया गया क्षमावाणी पर्व

# पर्युषण पर्व समापन पर निकली श्रीजी की भव्य पालकी



**छतरपुर, देशबन्धु।** जैन धर्मावलंबियों के आत्म आराधना के दस दिवसीय पर्युषण पर्व के समापन के बाद नगर में श्रीजी की पालकी पूरी भव्यता और गरिमा के साथ धूमधाम से निकाली गई। अतिशय क्षेत्र डेरापहाडी जिनालय में मुनिश्री के प्रवचन हुए तथा श्रीजी का अभिषेक पूजन हुआ। इसके साथ ही क्षमावाणी पर्व मनाया गया।

**मुनिद्वाय के सानिध्य में निकली भव्य पालकी-** : प्रो सुमति प्रकाश जैन ने बताया कि दस दिवसीय पर्युषण पर्व की सोल्लास समाप्ति पर एक अक्टूबर 23 रविवार को मुनिद्वय श्री विलोक सागर जी एवं श्री विवोध सागर जी महाराज के सानिध्य में श्री जी की पालकी सुबह साढ़े सात बजे श्री नेमीनाथ जिनालय से पूरी भव्यता के साथ प्रारंभ हुई, जो महल तिराहा, छत्रसाल चौक होते हुए अतिशय क्षेत्र डेरा पहाड़ी पहुंची। श्रद्धालुओं ने रास्ते में अपने अपने घरों के सामने चांदी की दो मोहक पालकियों में विराजे श्री जी की आरती और वंदन किया। पालकी की शोभायात्रा में सभी श्रद्धालु अपनी अपनी मनोहारी ड्रेस कोड में सम्मिलित थे, जो भजनों की मधुर धुन पर थिरकते चल रहे थे (पुरुष सफेद कुर्ता धोती, महिलाएं केसरिया, पीली साड़ी एवं युवाजन अपने मंडलों की निर्धारित पोषाक पहने उमंग और उल्लास के साथ जयकारे लगाते चल रहे थे। शोभा यात्रा में श्रद्धालुजन दोनों पालकियों को बदल बदल कर अपने कंधों पर विराजमान कर आगे बढ़ रहे थे। छोटी बालिकाएं और बच्चे अनुशासित ढंग से शोभायात्रा में नृत्य करती और भगवान के जयकारे लगाते चल रहे थे।

## *आधीरात में पालकी मार्ग पर लगाई झाड़ू*

*प्रो जैन ने बताया कि नगर पालिका के सफाई कर्मियों की कई दिन से चल रही हड़ताल के कारण सडक़ें गन्दगी और कचरे से सराबोर थी। पालकी यात्रा को देखते हुए समाज के सभी पदाधिकारियों और अनेक समाजसेवियों ने आधी रात तक पालकी मार्ग श्री नेमिनाथ जिनालय से छत्रसाल चौराहा तक नई झाडुएं लेकर बहरीन सफाई कर अपनी भक्ति, श्रद्धा और स्वच्छता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। इसके पूर्व अतिशय क्षेत्र डेरा पहाड़ी मार्ग में समाजसेवियों ने झाड़ू लगा कर स्वच्छता अभियान चलाया था। इस प्रकार जैन समाज के साथ जैनेतर समाजसेवियों ने गांधी जयंती के एक दिन पूर्व ही उनके स्वच्छता संदेश का शंखनाद किया।जैन समाज के साथ वार्ड नंबर 16 की पार्षद श्रीमती गीता तिवारी के पति दिनेश तिवारी मम्मा ने भी झाड़ू लगाकर सफाई में अपना योगदान दिया। जैन समाज के अध्यक्ष अरूण जैन अन्नु, उपाध्यक्ष अजय फट्टा, रीतेश जैन, महामंत्री स्वदेश जैन, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र जैन, सहमंत्री अजित जैन, डेरा पहाड़ी प्रबंधक आरके जैन एवं समस्त कार्यकारिण ने पालकी महोत्सव तथा क्षमावाणी पर्व में सहयोग और सहभागिता करने वालों का आभार ज्ञापित किया है।*

### 67 वी संभाग स्तरीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

# अंडर 19 में सागर को हराकर छतरपुर ने जीती प्रतियोगिता



- अंडर 17 में सागर ने छतरपुर को एवं अंडर 14 में छतरपुर ने सागर को हराकर जीते फाइनल मुकाबले

**नौगांव, देशबन्धु।** शहर में स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा चल रही 67 वीं संभाग स्तरीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। जिसमें अंडर 19 वर्ग में जिला सागर टीम की टीम को छतरपुर जिला टीम ने हराकर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता जीती तो वहीं अंडर 17 वर्ग में सागर टीम ने छतरपुर को एवं अंडर 14 वर्ग में छतरपुर टीम ने सागर को हराकर फाइनल मुकाबले जीते। विजेता टीम को मुख्य अतिथि बीएमओ डॉक्टर रविंद्र पटेल, विशिष्ट अतिथि मुख्य नपा अधिकारी नीतू सिंह के द्वारा ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

67वी संभागीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023 आयोजन के तहत बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अंडर 14, अंडर 17, अंडर 19 वर्ग की संभाग के सागर, छतरपुर, निवाड़ी, टीकमगढ़,पन्ना एवं दमोह के प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतियोगिता का आयोजन 29 सितंबर से शुरू हुआ, जिसमें शिक्षा अधिकारी ने किया उद्घाटन। विशिष्ट अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी सी गुप्ता, प्राचार्य बापू महाविद्यालय भारतेंदु पटेरिया, एवं संकुल प्राचार्य डॉ. रचना मिश्रा कन्या संकुल प्राचार्य), एम पी अहिरवार संकुल प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय) एवं अन्य सम्मानित अतिथि मौजूद रहे। जिसमें तीन दिन चले मुकाबलों के बाद रविवार को जिसमें प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले खेले गए। पहले फाइनल मुकाबले में अंडर 19 वर्ग में जिला सागर टीम को हराकर छतरपुर जिला ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता पर कब्जा किया। तो वहीं अंडर 17 वर्ग में सागर टीम ने छतरपुर हराया दिन के अंतिम मुकाबले एवं अंडर 14 वर्ग फाइनल मुकाबले में छतरपुर टीम ने सागर को हराकर खिताब जीता।

## अटल पार्क में किया पौधारोपण

**छतरपुर, देशबन्धु।** संगम सेवालय की टीम ट्री एंबुलेंस ने आज अटल पार्क में पौधारोपण किया यहां पर मधु कामिनी गुड़हल और के पौधे लगाये गए संगम ट्री एम्बुलेंस के सदस्य लखन लाल अग्रवाल ने बताया कि हमारी टीम पिछले 7 साल से लगातार सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण का कार्य कर रही है इस वर्ष हमने सर्किट हाउस के पास स्थित अटल पार्क को पौधारोपण के लिए गोद लिया है और यहां पर हम फूलों के पौधे लगाकर पूरे पार्क को तैयार कर रहे हैं हम इन पौधों की लगातार देखभाल करते हैं जिससे यह पूरी तरह विकसित हो जाते हैं आज पौधारोपण के समय विपिन अवस्थी, दीपू चतुर्वेदी, देवकीनंदन साहू, आत्माराम चौबे लखनलाल अग्रवाल दिल्लाराम अहिरवार, प्रमोद रैकवार जितेंद्र शर्मा और गौतम उपस्थित रहे यहां पर हमने खरपतवार की सफाई की और फिर पहले रोपण का कार्य किया।

### रेल्वे क्रॉसिंग पर खराब हुआ सीमेंट का ट्रक

# घंटों तक बाधित रहा यातायात, लोग हुए परेशान



**हरपालपुर, देशबन्धु।** रविवार को नगर की रेल्वे क्रॉसिंग पर सीमेंट से भरे एक कैप्सूल ट्रक के खराब हो जाने के कारण घंटों तक यातायात बाधित रहा और लोग परेशान नजर आए। उल्लेखनीय है कि इन दिनों क्षेत्र में ख्याति पा रहे धार्मिक स्थल पथरिया माता मंदिर में प्रत्येक रविवार को बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। रविवार के दिन बड़ी संख्या में वाहनों की आवाजाही थी और इसी बीच सीमेंट से भरा एक कैप्सूल ट्रक नगर की रेल्वे क्रॉसिंग पर खराब हो गया। इस कैप्सूल ट्रक के कारण घंटों तक जाम लगा रहा। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घंटों तक मशक्कत की गई तब जाकर आवागमन सामान्य हुआ। बताया जा रहा है कि इस जाम में एक एंबुलेंस भी लंबे समय तक फंसी रही।

## सहायिका और एएनएम को किया सम्मानित





**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर के कांग्रेस विधायक आलोक चतुर्वेदी पज्जन भैया द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों से मेल-मिलाप हेतु आयोजित किए जा रहे सम्मान समारोह की श्रंखला में रविवार को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, ऊषा, सुपरवाईजर एवं एएनएम को आमंत्रित किया गया। उपस्थित मातृशक्ति को विधायक आलोक चतुर्वेदी और उनके पुत्र नितीश तथा निखिल चतुर्वेदी ने शॉल-श्रीफल तथा उपहार भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित मातृशक्ति ने विधायक के समक्ष अपनी मांगों के साथ-साथ सुक्षाव भी रखे।

## पुरानी पेंशन और कर्मचारी हितों की लड़ाई लड़ेंगे



रविवार को ही सेवाग्राम में पटवारी, रोजगार सहायक, सेल्समैन, पंचायत सचिव, कृषि विस्तार अधिकारियों का सम्मेलन भी आयोजित किया गया।

इस सम्मेलन के दौरान विधायक आलोक चतुर्वेदी ने कर्मचारियों के सुझाव सुनकर उनकी समस्याओं को हल कराने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि पिछले 18 वर्षों से प्रदेश के सभी कर्मचारी भाजपा सरकार की तानाशाही से परेशान हैं। यह सरकार कर्मचारियों की जायज मांगों को भी पूरा नहीं कर रही है।

# एक घंटे का सफाई अभियान : न्यायाधीशों, जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों ने की सफाई





**छतरपुर, देशबन्धु।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में स्वच्छता के लिए श्रमदान एक तारीख-एक घंटा-एक साथ के तहत जिला मुख्यालय पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्कूली बच्चों, शासकीय कर्मचारियों, नगर पालिका और जनप्रतिनिधियों ने सफाई अभियान चलाया और सफाई करते हुए लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

शहर के गांधी आश्रम से शुरू हुए सफाई अभियान का नेतृत्व पूर्व मंत्री श्रीमती ललिता यादव ने किया। उन्होंने गांधी स्मारक से छत्रसाल चौक तक स्वयं झाडू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत बनाने के लिए हम सभी हाथ मिलाएं और संयुक्त प्रयास करें। उनके साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी माधुरी शर्मा और एसडीएम के अलावा नगर पालिका का अमला, 25 एनसीसी बटालियन के छात्र, महर्षि विद्या मंदिर के छात्र, विभिन्न वार्डों के पार्षद तथा समाजसेवी मौजूद रहे। इस मौके पर सीएमओ माधुरी शर्मा ने हड़ताल पर चल रहे सफाईकर्मियों से अपील करते हुए कहा कि चूंकि सफाईकर्मियों की मांगें प्रदेश स्तरीय हैं और उनका निराकरण प्रदेश स्तर से होना है इसलिए सफाईकर्मियों को सफाई व्यवस्था के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करना चाहिए। हालांकि इस दौरान नगर पालिका का अमला और छतरपुर एसडीएम महज खानापूर्ति करते नजर आए। वे लगभग मिनिट तक सफाई करने के बाद फोटो खिंचवाकर यहां से रवाना हो गए।

## जिला अस्पताल और न्यायालय परिसर में चला अभियान



वहीं दूसरी ओर जिला अस्पताल परिसर में सिविल सर्जन डॉ. जीएल अहिरवार के नेतृत्व में चिकित्सकों और स्टाफ ने सफाई अभियान चलाया। अस्पताल परिसर के कचरे को साफ करने के बाद मरीजों तथा उनके परिजनों से अपील की गई कि वे अस्पताल परिसर को स्वच्छ रखने में अस्पताल प्रबंधन का सहयोग करें। जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश शुक्ला के नेतृत्व में एक घंटे का सफाई अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर न्यायाधीश श्री शुक्ला ने कहा कि अपने घर की तरह अपने कर्तव्य स्थल को साफ रखना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। आज प्रधानमंत्री के आह्वान पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है लेकिन हम प्रयास करेंगे यह कार्य प्रतिदिन हो। उन्होंने यह भी कहा कि सफाई अभियान के नाम पर हम सिर्फ औपचारिकता न करें बल्कि ईमानदारी से सफाई करें तभी यह अभियान सफल होगा। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा सहित जिला न्यायालय के समस्त अधिवक्तागण मौजूद रहे।

देशबन्धु

सागर, सोमवार 2 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## गांधी को स्वीकारने-नकारने की ऊहापोह

अपनी मृत्यु के 76 वर्षों के बाद भी सारी दुनिया जिस व्यक्ति के आगे नतमस्तक होती है, उनका अपना देश एक बार फिर उनकी जयंती मना रहा है। पिछले लगभग एक दशक से महात्मा गांधी की जयंती हो अथवा पुण्यतिथि, उन्हें याद करते वक्त देश के सामने यह द्वंद्व बराबर खड़ा होता है कि बापू को स्वीकारें या अब वे त्याज्य हैं? ऊहापोह की यह स्थिति तैयार की गई है, कृत्रिम है; वरना जैसे व जितने लम्बे समय से गांधी जी के नाम को मिटाने के प्रयास हुए हैं, वे सफल हो जाते तो उनके नाम पर होने वाले आयोजन कब के रुक गये होते। उनकी नश्वर काया को मिटाने वाले लोगों, विचारधाराओं और संगठनों ने सोचा भी न होगा कि शरीर छोड़ देने के बाद भी वे ऐसी लम्बी पारी खेलेंगे जो खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। उल्टे, उनका नामो-निशान मिटाने की जितनी कोशिशें हो रही हैं, गांधी का नाम उतना ही बोल्ड और ज़ूम होता जा रहा है। खैर, गांधी को सहेजने और निपटाने की इस रस्साकशी में देश सोमवार को उन्हें फिर से याद कर रहा है। उनके नाम पर होने वाले छोटे-बड़े आयोजनों में उन्हें भी शामिल होना पड़ता है जो यह करना कतई नहीं चाहते। करते भी हैं तो अनिच्छा से।

तो भी, गांधी का केवल नाम बचाये रखना काफी नहीं है। उनके विचारों को अमल में लाना आज भी भारतीय समाज के सामने एक बड़ा टास्क बना हुआ है। गांधी खुद का नाम अमर करने या देश भर में अपनी बड़ाई के किस्से प्रसारित करने के पक्ष में बिलकुल नहीं थे परन्तु उनके रहते और उनके बाद की दुनिया ने उनका कहा नहीं माना। ऐसा इसलिये क्योंकि गांधी विश्व के लिये ज़रूरी हैं। मानवीयता के लिये अपरिहार्य भी।

गांधी जी को इस हयात से रुखसत हुए, तकरीबन उतने ही साल हुए हैं जितनी पुरानी हमारी आजादी है। स्वतंत्र भारत ने अभी अपनी आंखें ठीक से खोली भी न थीं, कि उसके सामने यकायक बड़ा अंधेरा छा गया था- 30 जनवरी, 1948 को। फिर भी, वे ही रोशनी बने जिनकी अदृश्य उंगलियां थामकर हमारे रहनुमाओं ने देश को आगे बढ़ाया। कई सरकारें आईं और गईं। ऐसा नहीं कि इनमें सारे गांधीवादी थे। यहां तक कि उनके तत्काल बाद आई सरकारों ने तो गांधीवादियों की बीज-पुस्तिका 'हिन्द स्वराज' के कई सिद्धांतों व विचारों को काटते हुए आधुनिकता का रास्ता अपनाया। बड़े कल-कारखाने, विशालकाय बांध तो उनके राजनैतिक वारिस और प्रिय शिष्य जवाहरलाल नेहरू ने बनवाये। इनके पूर्ण होने के काफी पहले ही बापू जा चुके थे। अगर वे होते भी या ऊपर से देख सकते तो वे खुश ही होते कि उनका पट्टशिष्य ये सारे उपक्रम समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त करने के लिये कर रहा है। फिर, नेहरू ने गांधी के अमृत तत्वों को सहेजकर रखा और सियासत को उन पर हावी नहीं होने दिया। कमोबेश, यह सिलसिला वर्तमान सरकार के पहले तक जारी रहा और गांधी हर तरह की व्यवस्थाओं के बीच भी बच गये- 1991 में आई वैश्विक अर्थव्यवस्था की बाढ़ भी उस उपजाऊ मिट्टी को बहाकर नहीं ले जा सकी जिसमें गांधी विचारों के बीज छिड़के हुए थे। पीवी नरसिम्हा राव हों या आर्थिक सुधारों के पुरोधा डॉ. मनमोहन सिंह अथवा संचार क्रांति के प्रणेता राजीव गांधी- किसी ने भी अपनी कार्य प्रणाली से इस पवित्र नाम को दफ़्न नहीं किया।

गांधी को बचकानी व हास्यास्पद चुनौतियां देना हालिया राजनीति की देन हैं जिसने इसके लिये लम्बा इंतज़ार किया था। जितनी पुरानी हमारी स्वतंत्रता है या जितने साल बापू को जाकर हो गये हैं- उससे करीब 25 साल ज्यादा का। 1924 में बने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का स्वतंत्रता आंदोलन का रास्ता अलग था, यह भी नहीं कहा जा सकता क्योंकि ऐसी किसी राह पर यह संगठन चला ही नहीं। उलटे, वह गांधी जी के नेतृत्व में जारी संघर्ष का मुख्य अवरोध रहा। फिर भी, गांधी को लोग ससम्मान रास्ता देते गये और जनसामान्य को वे ही अपनी मुक्ति का मार्ग महसूस होते रहे। अब परिस्थितियां बदली हुई हैं। एक ओर भरी लोकसभा में भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी बसपा सदस्य दानिश अली को सम्प्रदायसूचक अपशब्द कहकर पार्टी के भीतर बड़ी जिम्मेदारी पा जाते हैं और गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को देशभक्त कहने वाली प्रज्ञा ठाकुर को वे (मोदी) चाहें दिल से माफ न कर पाये हों, पर उन्हें बरास्ता भोपाल लोकसभा तक पहुंचाते हैं, वहीं पीएम जी-20 सम्मेलन में आये मेहमानों को राजघाट पर एकत्र कर यह साबित करने की कोशिश करते हैं कि भारत आज भी गांधी का देश है। यह मोदी को हैरान से ज्यादा व्यथित करने वाला होता होगा कि दुनिया में वे जहां भी जाते हैं, गांधी जी उनका पीछा नहीं छोड़ते। उन्हें वहां के चौक-चौराहों पर लगी गांधी प्रतिमाओं के सामने शीश नवाना होता है- सिर्फ फोटोबाजी के लिये नहीं वरन स्वयं को एक मानवीय समाज का हिस्सा बतलाने के लिये। मेजबान हों या भारत आने वाले विदेशी मेहमान, उनकी पीड़ा को यह कहकर बढ़ाते हैं कि भारत की पहचान गांधी से है।

दिलचस्प यह है कि भारत में राजनीति करने वाले गांधी विरोधियों को भी अपनी प्रासंगिकता साबित करने के लिये गांधी का जपनाम करना पड़ता है। गांधी को अपशब्द कहकर वे कुछ सनसनी फैला सकते हैं, मनोरंजन भी करते हैं परन्तु इससे वे अपनी विश्वसनीयता और प्रासंगिकता खो बैठते हैं। वह इसलिये क्योंकि आज भी बापू आदर्शों व मूल्यों के अल्टीमेट मानक बनकर ऐसी आसमानी ऊंचाई पर विराजमान हैं कि उन्हें धकियाकर कोई व्यक्ति या विचारधारा सभ्य समाज में चल-फिर नहीं सकती।

# राहुल का साहसिक लेख : हिन्दू होने का मतलब निर्भय!

गांधी जयंती से ठीक पहले राहुल गांधी ने बेमिसाल काम किया है। कठिन दार्शनिक एवं आध्यात्मिक विषय पर लिखने का। परिवारवाद का आरोप हमें तो यहां बिल्कुल सही लगता है। अपने पूर्वजों की तरह लिखने पढ़ने से नाता जोड़े रखने की परंपरा कायम रखने को ही तो यह लोग परिवारवाद कहते हैं!

नेहरू ने कई किताबें लिखी हैं। बहुत गहन विषयों पर। इतिहास और संस्कृति पर। मगर यहां उद्देश्य नेहरू पर बात करना नहीं है। नेहरू तो इस प्रसंगवश आ गए कि राहुल उस परिवार के हैं तो वह डीएनए जो शब्द हमारे प्रधानमंत्री जी को बहुत प्रिय है और वह पूरे एक राज्य बिहार का बता रहे थे तो वह डीएनए लिखने पढ़ने का सत्य और साहस का देशप्रेम का तो आएगा ही।

मगर यहां बात शुरू की थी हमने गांधी जयंती से। तो गांधी जयंती पर राहुल ने लिखा है सत्यम शिवम सुन्दरम। हिन्दू होने का अर्थ। भय की तलहटी तक जाकर सत्य को देखने का साहस। यही तो गांधी जी कहते थे। हिन्दू होने का मतलब है- दया सहिष्णुता समावेश। गांधी जी के यंग इन्डिया, हरिजन और नवजीवन में छपे लेखों का एक संग्रह है हिन्दू धर्म क्या है! इसमें गांधी वही ढूंढ़ते हैं जो राहुल ने अपने इस लेख में तलाशने की कोशिश की है। और नेहरू फिर यहां आएंगे। अपने उन विचारों के लिए जिन पर सब से कम लिखा गया है और वह हैं- उनके अपने धर्म हिन्दू पर उनके विचार। हिन्दू पर वे कहते हैं कि बाकी सभी धर्मों की बातों की तरह यहां भी कई रुढ़ियां हैं। मगर हिन्दू धर्म क्रान्तिकारी और मौलिक विचारों पर चर्चा के लिए हमेशा तैयार रहता है।

आज जब सारी राजनीति हिन्दू पर की जा रही है और उसे एक वोट बैंक में बदलने की कोशिश की जा रही है तो गांधी-नेहरू की परंपरा में राहुल के इस विषय पर विचार बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। राजनीति और धर्म को अलग रखने की बात बहुत पुरानी है। और जिसने यह कर लिया वह विकसित भी हो गया। यूरोप ने सबसे पहले किया था। चर्च ने खुद माना था कि राजनीति उसका विषय नहीं है और वह खुद को केवल धार्मिक कार्यकलापों तक ही सीमित रखेगी। यह दो सौ साल पुरानी बात है। फ्रांसीसी क्रान्ति के बाद।

उसके बहुत बाद इन्डिया और पाकिस्तान दो देश एक साथ बने। इन्डिया ने राजनीति को धर्म से अलग रखा और उधर पाकिस्तान ने राजनीति पर धर्म हावी कर दिया। दोनों के परिणाम आप देख सकते हैं। किसी उदाहरण की जरूरत नहीं।

भक्त क्या कहते हैं कहने दीजिए। खुद प्रधानमंत्री भी कि 2014 से पहले भारत में पैदा होना शर्म की बात होती थी। इन बातों को दुनिया में कोई गंभीरता से नहीं लेता। मजाक का विषय है। असली बात यह कि दुनिया भर में भारत के पढ़े-लिखे लड़के और लड़कियां जो नेहरू के बनाए आईआईटी, एम्स, आईआईएम और दूसरे उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़े थे पहुंच गए। और वहां अपने प्रोफेशनल काम से भारत का नाम ऊंचा किया। आज तो हम इस मानसिक दिवालिएपन का शिकार हो रहे हैं कि देश को इन्डिया नहीं भारत कहें। जैसे भारत कहने से दुनिया मान जाएगी कि मणिपुर में महिलाएं और बच्चे सुरक्षित हैं। वहां सैंकड़ों चर्च नहीं जलाए गए। जिस पार्टी भाजपा की वहां दो-दो सरकारें हैं। केन्द्र और राज्य दोनों की जिन्हें वे गर्व से डबल इंजन कहते हैं उसके मणिपुर से केन्द्र में मंत्री जो विदेशी मामलों के मंत्री हैं आर के रंजन उनका घर दो बार जला दिया। और कहां राजधानी इंफाल में! खुद पार्टी भाजपा का प्रदेश कार्यालय जला दिया गया। प्रदेश पार्टी अध्यक्ष शारदा देवी के घर पर पथराव हुआ। वे कह रही हैं कि मेरा घर जला देगें। ये सब सरकार के लोग कह रहें हैं कि राज्य में कोई कानून व्यवस्था नहीं हैं।

मगर हम हर जगह प्रधानमंत्री विदेश मंत्री के सामने लगी नेम प्लेटों में भारत लिखवाकर ऐसे खुश हो रहे हैं जैसे इससे मणिपुर की खबरें दब जाएंगीं। दुनिया कहेगी टुरिज्म के लिए बेस्ट शांत और सुरक्षित जगह! खासतौर से महिलाओं के लिए!

संसद में जो आज तक नहीं हुआ। वहां खुले आम गालियां दी जा रही हैं। और देने वाले भाजपा सांसद को इनाम दिया जा रहा है। और हम सोच रहे हैं कि अगर नाम भारत हो जाए तो यह खबर कहीं नहीं पहुंचेगी कि भारत में धर्म के आधार पर सत्तारुढ़ पार्टी का सांसद गालियां देता है। और पार्टी उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के बदले उसे राजस्थान के टोंक में जो एक पुरानी नवाबी रियासत रही है वहां का इन्चार्ज बनाकर गाली अभियान को और आगे बढ़ाने के लिए भेज देती है।



शकील अख्तर

> हिन्दू होने का मतलब उदार समावेशी हर प्राणी की चिंता और रक्षा करना है। यही मानवता का सिद्धांत है। हर धर्म का मूल। हिन्दू-मुसलमान-सिख-ईसाई सब का। राहुल ने प्रेम का रास्ता खोल दिया। हिन्दू देश का बहुसंख्यक है। जीत-हार वही तय करता है। राहुल ने उनसे सीधा संवाद किया है। एक हिन्दू होने के नाते अपने धर्म पर बात करना उनका अधिकार है।

अरब देशों से भारत के बहुत अच्छे संबंध हैं। वहां लाखों भारतीय काम करते हैं। बड़ी तादाद में विदेशी मुद्रा यहां भेजते हैं। उन देशों से और मधुर संबंध बनाने के लिए लोकसभा में दी गालियों का अरबी और अंग्रेजी में ट्रांसलेशन सिखा कर इन सांसद महोदय को वहां विशेष दूत बनाकर भेजना चाहिए।

तो ऐसे समय में जब सब कुछ वोटों के लिए हो रहा हो। देश की संस्कृति, गौरवशाली परंपराओं, विदेश में उसके सम्मान किसी की कोई चिन्ता न हो। वोट चुनाव जीतना ही सिद्धांत निष्ठा सब बन जाए तब राहुल का यह लिखना साहस का काम है कि निर्बल की रक्षा का कर्तव्य ही हिन्दू धर्म है। संसार की सबसे असहाय पुकारों को सुनना और उनका समाधान ढूंढना ही उसका धर्म है।

उनके पास चुनाव जीतने का एक ही तरीका है। नफरत और विभाजन की राजनीति। मणिपुर में चर्च जल रहे हैं। ट्रेन में नाम पूछकर ड्यूटी पर सुरक्षा के लिए तैनात सिपाही मुसलमानों को गोली मार रहा है। स्कूल में एक जगह शिक्षिका एक मुसलमान लड़के को दूसरे लड़कों से पिटवाती है। तो दूसरी जगह टीचर लड़कियों को जातिसूचक नाम से पुकार कर रोज उनका अपमान करते हैं। मध्य प्रदेश में एक आदिवासी के सिर पर भाजपा का नेता पेशाब करता है। ऐसी जाने कितनी घटनाएं पिछले साढ़े 9 साल में हुई हैं। मुसलमानों की लिंचिग, दलितों को गुजरात में कपड़े उतार कर खंबे से बांध कर मारना। दलित छात्र रोहित वेमुला को इतना सताना कि उसे होस्टल से बाहर निकलना पड़े और फिर आत्महत्या करना पड़े। कितनी एक से एक अमानवीय घटनाएं हैं। भयावह! पूरे देश को भय के अंधे कुएं में धकेल देने की कोशिश।

इसी के खिलाफ राहुल बोलते हैं। लड़ रहे हैं। और अभी यह लेख लिखा है। भय को पहचानने और उसे जीतने की कोशिश का। सबको साथ लेकर चलने का। सभी धर्मों का सार यही है। राहुल ने इसे हिन्दू धर्म के आइने में लिखा है। और सही है अपने धर्म का सही स्वरूप लोगों को बताना। ऐसे समय में तो बहुत जरूरी है जब धर्म के नाम पर ही राजनीति की जा रही हो। लेकिन जैसा कि इस लेख में राहुल ने लिखा धर्म को कुछ चीजों तक सीमित करना उसका अल्प पाठ होगा।

हिन्दू होने का मतलब उदार समावेशी हर प्राणी की चिंता और रक्षा करना है। यही मानवता का सिद्धांत है। हर धर्म का मूल। हिन्दू-मुसलमान-सिख-ईसाई सब का। राहुल ने प्रेम का रास्ता खोल दिया। हिन्दू देश का बहुसंख्यक है। जीत-हार वही तय करता है। राहुल ने उनसे सीधा संवाद किया है। एक हिन्दू होने के नाते अपने धर्म पर बात करना उनका अधिकार है। देश कल कौन सा रूप लेगा यह हिन्दू ही तय करेंगे। एक तरफ भाजपा है जो धर्म का विकृत रूप पेश करने की कोशिश कर रही है। दूसरी तरफ राहुल हैं जो लिखकर उसका सौन्दर्य उदारता और करूणामयी रूप दिखा रहे हैं।

तय देश को करना है कि वह गांधी के धर्म के रास्ते जिसे राहुल ने बताने की कोशिश की है उस पर चलेगा या गोडसे के रास्ते पर जहां अब गोलियों के बाद गालियां हिंसक भाषा क्रूरता और विभाजन है।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# गांधी : युग से आगे तक

■ **शैलेन्द्र भाटिया**

श्रेयान स्वधर्मो विगुण: परधर्मात्सवनुश्ठितात्।
स्वधर्मे निधनं श्रेय: परधर्मो भयावह:।।

अर्थात ऊंचे परधर्म से नीचा स्वधर्म अच्छा है। स्वधर्म में मौत भी अच्छी है, परधर्म भयावह है। गीता के उक्त श्लोक का उल्लेख बापू गांधी ने अपनी आत्मकथा 'सत्य के प्रयोग' में करते हुए कहा है कि देशभक्त को देश सेवा के एक भी अंग की यथासम्भव उपेक्षा नहीं करनी चाहिये। गांधी का आविर्भाव एक युग का आविर्भाव है। बचपन में 'श्रवण-पितृभक्ति नाटक' और हरिश्चन्द्र की कथा को आत्मसात करने वाले मोहनदास ने पग-पग प्रयोग किये एवं सत्य को चुनते गये। विलायत में आर्नल्ड का 'गीता जी' का अंग्रेजी अनुवाद पढ़ने वाले मोहनदास को 'गीता' के इस श्लोक ने एक रास्ता दिखाया -

ध्यायतो विशयान्पुंस: संगस्तेशूपजायते
संगात्संजायते काम: कामात्क्रोधो भिजायते।।
क्रोधाद् भवति सम्मोह: सम्मोहत्स्मृतिविभ्रम:।
स्मृतिभ्रंषाद् बुद्धिनाषो
बुद्धिनाषात्प्रणष्यति।।

अर्थात विषयों का चिन्तन करने वाले पुरुष को उन विषयों में आसक्ति पैदा होती है, फिर आसक्ति से कामना पैदा होती है और कामना से क्रोध पैदा होता है। क्रोध से मूढ़ता पैदा होती है, मूढ़ता से स्मृति का लोप होता है और स्मृति लोप से बुद्धि नष्ट होती है, जिसकी बुद्धि नष्ट हो जाती है, उसका स्वयं का नाश हो जाता है। उपरोक्त दोनों श्लोक गांधी जी के अन्तर्मन में अन्त तक समाया रहा एवं एक पथ प्रदर्शक की तरह कार्य करता रहा। गांधी जी 10 जून सन् 1891 को बैरिस्टर बने थे। मोहनदास सितम्बर सन् 1888 में जब विलायत में बैरिस्टर पढ़ने के लिये रवाना हुए तो उनकी उम्र मात्र 18 वर्ष थी। इस युवावस्था में ही इन्होंने एडविन आर्नल्ड की 'गीता' व 'बुद्धिचरित' पढ़ा, मैडम बलवास्तकी की पुस्तक 'की टू थियोसाफी', बाईबिल (ओल्ड टेस्टामेण्ट एवं न्यू टेस्टामेण्ट) पढ़ी, यहीं पर इन्होंने ईसा के 'गिरि-प्रवचन' की 'गीता' से तुलना की। '' जो तुझसे कुर्ता मांगे, उसे अंगरखा भी दे दे, ' जो तेरे दाहिने गाल पर तमाचा मारे, बायों गाल भी उसके आगे कर दे' के संबंध में पढ़कर ये यहीं आनन्दित हुए। यहीं पर इन्होंने कार्लाइल की 'हीरो एण्ड हीरो वरशिप' पढ़कर पैगम्बर हजरत मौहम्मद के जीवन से अवगत हुये। नास्तिकता व आस्तिकता के बीच द्वंद भी इसी युवावस्था में विलायत रहने के दौरान हुआ। यहीं पर इन्होंने स्तुति, उपासना, प्रार्थना के संबंध में ज्ञान प्राप्त किया। लैटिन व फ्रेंच भाषा के जानकार मोहनदास ने यहीं पर ब्रम का 'कामन-ला', स्नेल की 'इक्विटी', विलियम्स और एडव्रर्ज की 'स्थावर संपत्ति', गुदीप की 'जंगम संपत्ति' और मेडन का 'हिन्दू-ला' पढ़ा। विलायत में बैरिस्टर की शिक्षा ने श्रवण कुमार, हरिश्चन्द्र, रामायण का ज्ञान रखने वाले मोहनदास को जहां विश्व के अनेक धर्मों से रूबरू कराया वहीं आधुनिक कानून की पढ़ाई का समन्वय कराकर एक 'तार्किक' मोहनदास का उदय हुआ। मोहनदास बैरिस्टर बनकर 12 जून सन् 1891 में 'आसाम' जहाज से, भारत के लिए रवाना हुए। अब मोहनदास लौटे तो 22 वर्ष के थे और फिरोजशाह मेहता या बदरूद्दीन तैय्यब जी जैसे कड़क वकील बनना चाहते थे। परन्तु मि. फ्रेडरिक पिंकट ने कुछ व्यवहारिक ज्ञान लेने के लिये और मेलेसन की पुस्तक ' सन् 1857 के गदर की' किताब पढ़ने की सलाह दी। भारत लौटने पर पहला मुकदमा 'ममीबाई' का मिला। मुकदमें लड़ने की हिम्मत न आने व जज के सामने घबराकर मुकदमा छोडकर मेहनताना के 30 रूपये लौटाने वाले मोहनदास देश से अंग्रेजों को भगाने का सबसे बड़ा मुकदमा (आन्दोलन) लड़ेंगे, यह किसी को आभास नही था। मोहनदास पोरबन्दर की एक मेमन फर्म का दक्षिण अफ्रीका के चालीस हजार पौण्ड के दावे का मुकदमा लडने वाले वकील-बैरिस्टर के मदद के लिये दादा अब्दुल्ला के साझी सेठ अब्दुल करीम के प्रस्ताव पर द. अफ्रीका जाने के लिये राजी हुये। यह एक प्रकार की नौकरी थी, बदले में निवास तथा भोजन खर्च के अलावा 105 पौण्ड मिलना था। मोहनदास अप्रैल सन् 1893 में जब द. अफ्रीका गये तो 24 वर्ष के थे, जब लौटे तो 46 वर्ष के थे। 22 वर्ष द. अफ्रीका प्रवास रंगभेद के कड़वे अनुभवों से शुरू हुआ था जो बहुत कुछ भारत में प्रचलित छुआछूत जैसा ही था। नेटाल की राजधानी मेरित्सबर्ग में रेल के प्रथम श्रेणी का टिकट होने के बावजूद भी गोरे-काले के भेद के आधार पर ट्रेन से उतार देने की घटना मोहनदास को अपने अधिकारों के लिये लड़ने की सबसे बड़ी प्रेरक घटना बनी। सन् 1893 के बाद बीच में गांधी जी सन् 1896, सन् 1901 में भारत लौटे थे। भेंट में मिली वस्तुओं व कीमती गहनों को कस्तूरबा से लेकर ट्रस्टियों के हवाले कर बैंक में रखने की घटना एक उल्लेखनीय घटना है। इन्होंने इसे इस धारणा से लौटा दिया था कि कौम की सेवा मैं पैसे लेकर नहीं करता। अपने राजनीतिक गुरू गोपाल कृष्ण गोखले के हस्तक्षेप से कलकत्ता के कांग्रेस अधिवेशन में प्रवेश पाने वाले गांधी आने वाले दिनों में देश के पर्याय बनने वाले हैं, इसका किसी को रंचमात्र भी यकीन नहीं था। गाय-भैंस का दूध त्याग कर केवल बकरी का दूध पीने वाले गांधी, मिट्टी के प्रयोग से पेट का कब्ज दूर करने वाले गांधी, सुबह का ब्रेकफास्ट न करने वाले गांधी, ज्ञान के लिये अनेकोनेक पुस्तकों का अध्ययन करने वाले गांधी अब मोहनदास से बदलकर मि0 गांधी हो चुके थे, वे पहचाने जाने लगे थे। देखने वालों की भीड जमा होनी शुरू हो चुकी थी। द. अफ्रीका अब आन्दोलन की नर्सरी बन चुका था। नये नये प्रयोग गांधीजी शुरू कर चुके थे। गांधी जी का कहना था कि सत्य की शोध के मूल में अहिंसा है। जब तक अहिंसा हाथ में नहीं आती, तब तक सत्य मिल ही नहीं सकता।

'यंग इंडिया', 'नवजीवन' व इण्डियन ओपिनियन जैसे समाचार पत्रों से अपने मौलिक विचार रखकर 'सत्याग्रह' की लड़ाई प्रारम्भ करने वाले गांधी जी कलम की शक्ति व इसके निरंकुशता को भलीभांति जानते थे। रस्किन बाण्ड की पुस्तक 'अण्टू दिस लास्ट' ने ऐसा प्रभाव डाला कि यह 'सर्वोदय' के जन्म का कारण बन गया। गांधीजी सर्वोदय के सिद्धान्त में निम्न को निहित मानते थे-

1. सबकी भलाई में हमारी भलाई निहित है।
2. वकील और नाई के काम की कीमत एक सी होनी चाहिये, क्योंकि आजीविका का अधिकार सबको समान है।
3. सादा मेहनत-मजदूरी का, किसान का जीवन ही सच्चा जीवन है।

> सर्वसुलभ, प्राकृतिक समुद्री जल से बने 'नमक' को जो सभी घरों में विद्यमान है, भी एक आन्दोलन का प्रतीक बन सकता है, यह गांधी ही कर सकते थे। एक मुठ्ठी नमक उठा कर नमक कानून तोड़ने की यह घटना सभी भारतीयों को एकसूत्र में बांधने वाली घटना थी। क्या कोई देश बिना रक्त क्रांति के देश में स्वतंत्रता या तानाशाह से मुक्ति पा सकता है? इस यक्ष प्रश्न का हल महात्मा गांधी बन कर उभरे।

भारतीय इतिहास में तीन महत्वपूर्ण वर्ष है, सन् 1757, सन् 1857 एवं सन् 1947। अंग्रेजो ने सन् 1757 से सन् 1947 तक कुल 190 वर्षों तक हिन्दुस्तान पर शासन किये। इन 190 वर्षों में से 158 वर्ष ऐसे समय में राज्य किया था, जब गांधी एक आन्दोलन बन नहीं उभरे थे। जब गोखले के निमंत्रण पर गांधीजी सन् 1915 में हिन्दुस्तान पहुंचे तो यह एक बड़ी और उल्लेखनीय घटना थी। उल्लेखनीय इसलिये कि स्वतंत्रता के लिये नरम-गरम दल अपने-अपने ढंग से लड़ाई लड़ रहे थे, कई क्रान्तिकारी फांसी पर झूल गये थे, तो कई जगह करों को न देने के लिये विद्रोह हो रहा था, पर पूरे देश में स्वतंत्रता के लिये एकल नेतृत्व या अखिल भारतीय नेतृत्व किसी एक नेता को प्राप्त नहीं था। गांधी के आगमन से एक आन्दोलन के लिए एक पृष्ठ भूमि का आधार तैयार होना शुरू हुआ। क्रान्तिकारी विचार के देशभक्तों ने भी गांधीजी के व्यक्तित्व के सामने अपनी स्वीकारोक्ति दी। सन् 1915 से लेकर भारत छोड़ो आन्दोलन सन् 1942 तक 27 वर्षों के आन्दोलन अवधि में गांधी कई रूपों में अवतरित हुए। भारतीयों के मन को टटोलना, आन्दोलन की गति को देखना, आन्दोलन के लिये उचित समय का इंतजार करना, आन्दोलन के लिये ऊर्जा बनाये रखना, आन्दोलन के लिये ऊर्जा की पहचान करना आदि कई ऐसे विशिष्ट गुण थे, जो गांधी जी को अन्य से अद्वितीय बनाते है। आन्दोलन के इस पारखी प्राणी ने पूरे देश को एक कर दिया था। दक्षिण भारत से लेकर उत्तर भारत तक अब एक भारत, एक आवाज, एक आन्दोलन बन गया था। चम्पारन सत्याग्रह, खेडा आन्दोलन, असहयोग आन्दोलन, सविनय अवज्ञा के लिये दाण्डी मार्च, भारत छोड़ो आन्दोलन गांधी जी द्वारा विभिन्न समय काल परिस्थिति में चलाये गये ऐसे आन्दोलन थे, जिसने स्वतंत्रता के लिये मार्ग प्रशस्त किये। सर्वसुलभ, प्राकृतिक समुद्री जल से बने 'नमक' को जो सभी घरों में विद्यमान है, भी एक आन्दोलन का प्रतीक बन सकता है, यह गांधी ही कर सकते थे। एक मुठ्ठी नमक उठा कर नमक कानून तोड़ने की यह घटना सभी भारतीयों को एकसूत्र में बांधने वाली घटना थी। क्या कोई देश बिना रक्त क्रांति के देश में स्वतंत्रता या तानाशाह से मुक्ति पा सकता है? इस यक्ष प्रश्न का हल महात्मा गांधी बन कर उभरे। पूरा विश्व एक नया पाठ पढ़ रहा था कि 'सत्याग्रह' के बल पर अपनी बात मनवाई जा सकती है, शान्तिपूर्वक उपवास रखकर आन्दोलन करने से अपने हक की लड़ाई लड़ी जा सकती है, यह एक क्रान्तिकारी विचार था। क्रांतिकारी इसलिये कि सुविधाहीन कई देशों में 20वीं सदी के प्रारम्भ में स्वतंत्रता की बात वो भी, बिना रक्तपात के सोचना एक आश्चर्य से कम नहीं था। कई देशों में नये चमकने वाले सूर्य की रोशनी का केन्द्र महात्मा गांधी बने। चरखा, खादी, बकरी, गांव, हरिजन, किसान, उपवास, सर्वोदय, अहिंसा, सत्याग्रह आदि शब्दों में पिरोये हुए महात्मा गांधी ने गरिमापूर्ण जीवन जीने एवं दूसरे की गरिमा का सम्मान करने के लिये एक प्रकार का 'कोड ऑफ कन्डॅक्ट' रचा है। आज भारत विश्व में जो कुछ नामों से जाना जाता है, उसमें महात्मा गांधी एक प्रमुख नाम है। मेरे विचार से गौतम बुद्ध के बाद यदि किसी एक भारतीय व्यक्ति को सारा विश्व जानता है, तो वह महात्मा गांधी है। अपने युग से कई युग आगे तक।

**( लेखक, विशेष कार्याधिकारी यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण )**

## जयंती

## महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री

सहजता,सरलता और ईमानदारी के पर्याय लाल बहादुर शास्त्री कोटिश: नमन। 2 अक्टूबर को दो महान नेताओं का जन्म हुआ- एक महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री।

आज की भारतीय राजनीति में यह अविश्वसनीय ही लगेगा इस देश में ऐसे ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और देश के प्रति अपना सर्वस्व त्यागने वाले लाल बहादुर शास्त्री ने अपनी जीत की पूर्ण संभावना के बाद भी यह कहा हो कि- यदि एक व्यक्ति भी मेरे विरोध में हुआ, तो उस स्थिति में प्रधानमंत्री बनना नहीं चाहूंगा', भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ऐसे ही स्वाभिमानी महान राजनेता थे, जिन्होंने पद को नहीं बल्कि देश के हित को सर्वोपरि माना था। 27 मई 1964 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की मृत्यु के बाद देश को साहस और निर्भीकता से नेतृत्व देने वाले नेता की परम आवश्यकता थी। मोरारजी देसाई तथा जगजीवन राम जैसे नेता सामने आए थे, इस पद की गरिमा और प्रजातांत्रिक मूल्यों को देखते हुए शास्त्री जी ने चुनाव में भाग लेने से इनकार कर दिया था। 2 जून 1964 को कांग्रेस के संसदीय दल ने एक मतेन और सर्वसम्मति से लाल बहादुर शास्त्री को अपना नेता स्वीकार किया और 9 जून 1964 को लाल बहादुर शास्त्री जी को देश के दूसरे प्रधानमंत्री मनोनीत किए गए। 1920 को अपनी पढ़ाई छोड़ कर गांधीजी के असहयोग आंदोलन में भाग लेने के लिए वे स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े, बाद में गांधी जी की प्रेरणा से ही उन्होंने काशी विद्या पीठ में प्रवेश लेकर 1925 में शास्त्री की उपाधि प्राप्त की, और अपने जन्म से चला आ रहा जातिसूचक शब्द 'श्रीवास्तव' हमेशा के लिए हटा लिया तथा अपने नाम के आगे शास्त्री लगा दिया था।

1930 में स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए चलाए जा रहे नमक आंदोलन में हिस्सा लेकर वे जेल चले गए। उनका देश के प्रति समर्पण देखकर उन्हें उत्तर प्रदेश कांग्रेस का महासचिव बनाया गया। स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लेने के लिए देश के इस महान सपूत को बहुत यातनाएं भी झेलनी पड़ी और जीवन काल में कई बार जेल भी गए। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने के कारण उन्हें फिर से जेल भेज दिया गया था। पद और प्रतिष्ठा, लोभ, लालच से सदैव दूर रहने वाले लाल बहादुर शास्त्री जी स्वतंत्रता के बाद अनेक मंत्रालयों के मंत्री पद से सुशोभित भी किया गया, गोविंद वल्लभ पंत के उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कालखंड में शास्त्री जी को पुलिस मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया और इसी पद में रहते हुए उन्होंने भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए लाठी की जगह पानी की बौछार का प्रयोग प्रारंभ करवाया था। 1952 में जवाहरलाल नेहरु जी ने उन्हें केंद्रीय रेल मंत्री नियुक्त किया और 1956 में देश में हुई एक बड़ी रेल दुर्घटना की जिम्मेदारी लेते हुए नैतिक आधार पर अपना त्यागपत्र पेश कर एक मिसाल कायम की, जो आज पर्यंत तक अनुकरणीय है। नेहरू जी के कार्यकाल में वे परिवहन संचार वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय भी संभालते रहे। 1961 में उन्हें पंत जी की मृत्यु के बाद गृह मंत्रालय का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया। सभी महत्वपूर्ण पदों पर ईमानदारी कर्तव्यनिष्ठा के साथ सभी पदों को सफलतापूर्वक निभाने के कारण शास्त्री जी को 1964 में देश का दूसरा प्रधानमंत्री बनाया गया।

शास्त्री जी कठिन से कठिन परिस्थितियों में सहजता, निर्भीकता, और संपूर्ण धैर्य के साथ सामना करने की अद्भुत क्षमता थी । प्रधानमंत्री के पद में रहते हुए भी सादगी ईमानदारी और निष्ठा की एक अनोखी मिसाल उन्होंने कायम की थी। 1965 में पाकिस्तान ने भारत के साथ युद्ध करने का दुस्साहस दिखाया था तब लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान जय किसान' का नारा देकर भारत के वीर जवानों को राष्ट्र की रक्षा के लिए बहुत ज्यादा उत्साहित किया था, दूसरी तरफ किसानों को अन्न ज्यादा से ज्यादा पैदा करने के लिए ऊर्जा एवं शक्ति प्रदान की थी। 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत को अभूतपूर्व विजय प्राप्त हुई थी। और देश में अन्न का भंडार भी परिपूर्ण हो गया था।

**संजीव ठाकुर**

## भूल सुधार

1 अक्टूबर 2023 के अंक में साहित्य पेज पर प्रकाशित कहानी 'जीवन से विदा लेती ध्वनि' में भूलवश लेखक का नाम रमेश शर्मा के स्थान पर उमाकांत मालवीय प्रकाशित हो गया है। इसलिए लेखक के नाम को उमाकांत मालवीय के स्थान पर रमेश शर्मा पढ़ा जाए।

## आपके पत्र

## संसद में बिधूड़ी का नफरत भरा भाषण भाजपा सदस्यों की मानसिकता का प्रतिबिंब

मुसलमानों के खिलाफ घृणास्पद भाषण, जो समाज में व्याप्त हो गया है, अब संसद पर भी प्रवेश कर चुका है। नये संसद भवन में आयोजित विशेष सत्र के आखिरी दिन, दिल्ली से भाजपा संसद सदस्य रमेश बिधूड़ी ने दानिश अली, जो कि बहुजन समाज पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हैं, के खिलाफ लोक सभा में बेहद गंदे और भद्दे मुस्लिम विरोधी विशेषणों का इस्तेमाल किया। बिधूड़ी द्वारा बार-बार दानिश अली को निशाना बनाते हुए 'मुल्ला आतंकवादी' और इससे बदतर शब्द कहे गये जो संसद में पहले कभी नहीं सुने गये थे। ऐसी आपत्तिजनक बातें कहते हुए बिधूड़ी के वीडियो को देश भर में हजारों लोगों ने देखा, जिससे व्यापक निराशा और आक्रोश फैल गया है।

सबको उम्मीद यही थी कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और सत्तारूढ़ भाजपा नेतृत्व आपत्तिजनक बातें कहने वाले सदस्य के खिलाफ तुरंत कड़ी कार्रवाई करेंगे। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष की भावनाओं को ठेस पहुंचने पर खेद व्यक्त किया। इसके अलावा, मुस्लिम विरोधी दुर्व्यवहार की कोई निंदा नहीं की गई और न ही दानिश अली से कोई माफ़ी मांगी गई।

लोक सभा अध्यक्ष, जिन्हें बिधूड़ी को सदन से निलंबित करने के लिए त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए थी, उन्होंने खुद को बिधूड़ी को कड़ी चेतावनी देने और यह कहने तक ही सीमित रखा कि इस तरह के व्यवहार की पुनरावृत्ति बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

यह उस तरीके के बिल्कुल विपरीत है जिस तरह से लोकसभा और राज्यसभा दोनों के पीठासीन अधिकारियों ने विपक्षी सदस्यों के साथ व्यवहार किया है जब भी उन्होंने लगातार मुद्दों को उठाने या सरकार से सवाल करने की कोशिश की है। राज्यसभा में आप सांसद संजय सिंह पूरे मानसून सत्र के लिए निलंबित रहे और निलंबन तब तक जारी रहेगा जब तक विशेषाधिकार समिति उनके खिलाफ शिकायत पर फैसला नहीं कर लेती।

पिछले सत्र के दौरान आप के एक अन्य सांसद राघव चड्ढा को भी निलंबित कर दिया गया था। लोकसभा में, आपसदस्य सुशील कुमार राठी को मानसून सत्र के शेष भाग के लिए निलंबित कर दिया गया, जबकि लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को विशेषाधिकार समिति की बैठक होने और उनकी सिफारिश करने तक निलंबित कर दिया गया।

बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने वाले दानिश अली के पत्र का स्पीकर ने कोई जवाब नहीं दिया है। भाजपा ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय, भाजपा को उनका बचाव करने की अधिक चिंता है। निशिकांत दुबे जैसे भाजपा सांसदों ने स्पीकर को पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि यह दानिश अली ही थे जिन्होंने प्रधानमंत्री के खिलाफ 'अशोभनीय' टिप्पणी करके बिधूड़ी को उकसाया था। बिधूड़ी के खिलाफ संसद में सख्त कार्रवाई करने में विफलता ने संसदीय संस्था को अपमानित किया है और सत्तारूढ़ दल द्वारा पोषित इस्लामोफोबिया की वैधता की मुहर लगा दी है। इससे पता चलता है कि बिधूड़ी का नफरत भरा भाषण भाजपा की समग्र मानसिकता का हिस्सा है।

**पी.सुधीर**

# रखी, करैया, मोकलपुर, उदयपुरा, बिहारीखेड़ा समेत 1 दर्जन गांव अब सीधे राष्ट्रीय राज्यमार्ग से जुड़ेंगे: गोविंद सिंह राजपूत

### सुरखी समेत रहली और नरयावली विधानसभा से निकल रही सड़क का राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने किया भूमिपूजन





**सागर, देशबन्धु।** भाजपा की सरकार विकास करने वाली पार्टी हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य जनता की सेवा करना है। आज पूरे सुरखी विधानसभा में सड़कों का जाल बिछ चुका है। इसी क्रम में सुरखी विधानसभा में सुरखी, करैया, मोकलपुर, उदयपुरा, बिहारीखेड़ा समेत 1 दर्जन गांव अब सीधे फोरलेन से जुड़ जाएंगे। इसके लिए केंद्रीय सड़क एवं अधोसंरचना निधि से सड़क का निर्माण किया जा रहा है। यह तीन विधानसभाओं के सैंकड़ों गांवों को जोड़ेगी। सुरखी के आर्थिक विकास में भी पंख लगाएंगी। इस सड़क के बनने के बाद सुरखी के यह गांव राष्ट्रीय राज्य मार्ग से जुड़ जाएंगे। इससे किसान को मंडी अपनी फसल लाने-ले जाने में सहयोग मिलेगा। वहीं गांवों का विकास भी होगा। यह बात राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने सड़क के शिलान्यास एवं भूमिपूजन के दौरान कही। इस दौरान मंत्री राजपूत ने करीब 45 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि सुरखी समेत रहली और नरयावली विधानसभा को जोड़ने वाली इस सड़क की लागत 129.81 करोड़ है। यह सड़क सुरखी नगर परिषद के अंदर तक जुड़ जाने से सीधी कनेक्टिविटी राष्ट्रीय राज्यमार्ग से होगी। इसीक्रम में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी नगर परिषद में उप तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। यह भवन 1.9 करोड़ की लागत से बनेगा। मंत्री राजपूत ने कहा कि अब आप सभी को सागर नहीं जाना पड़ेगा, आपके राजस्व संबंधी कामों का निपटारा यहीं हो जाएगा। इस उप तहसील से सुरखी से लगे दो दर्जन गांवों के लोगों को सीधा लाभ पहुंचेगा। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने 28 करोड़ की लागत से अमृत प्रोजेक्ट 2.0 का भूमिपूजन किया। उन्होंने बताया कि सुरखी विधानसभा में 3 करोड़ की लागत से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा घर-घर नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा रहा है। इसी प्रोजेक्ट के विस्तार के लिए अमृत प्रोजेक्ट 2.0 के तहत 28 करोड़ रुपए की राशि शासन ने स्वीकृत कर दी है। इससे नगर परिषद में इनटेक बैल, फिल्टर प्लांट और टंकियों का निर्माण किया जाएगा। प्रोजेक्ट के पूरे होने के बाद नगर के बचे हुए वार्डों के रहवासियों को भी शुद्ध पेयजल पहुंचेगा। मंत्री राजपूत ने कहा कि मेरा लक्ष्य है कि सुरखी विधानसभा के सभी गांवों में माता बहने पानी के लिए न भटकें, उनके घर तक टोटियों के माध्यम से सीधे पानी पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने 2 करोड़ की लागत से सुरखी में बनने वाले भव्य व सर्वसुविधा युक्त बस स्टैंड का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि यहां सुंदर और सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड का निर्माण हो रहा है। इससे यात्रियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। यहां पीने के पानी, शॉपिग कॉम्पलेक्स, सुविधाघर सभी का निर्माण होगा। बस स्टैंड के निर्माण हो जाने के बाद सुरखी भी किसी शहर से कम नहीं होगा। सभी को एक स्थान पर बसों की सुविधा मिलेगी। यातायात में सुधार होगा। इस अवसर पर सरमन सिंह, नर्मदा सिंह, अरुण गौतम, राकेश तिवारी, महराज सिंह, राजेंद्र, प्रहलाद पटेल, परसोत्तम सेन, कैलाश भारत पटेल, कमलेश अहिरवार, रघुराज अहिरवार सहित सुरखी नगर परिषद के पार्षदगण, मंडल अध्यक्ष तथा भाजपा कार्यकर्ता सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## इस कामों का भी किया लोकार्पण व भूमिपूजन

01 करोड़ की लागत से वार्ड क्रमांक 9 में नगर परिषद् कार्यालय भवन का निर्माण का भूमिपूजन, 25 लाख की लागत से स्टॉफक्वार्टर का भूमिपूजन, 40 लाख की लागत से वार्ड क्रमांक 12/13 में विदबास में सीसी सड़क का भूमिपूजन, 40 लाख की लागत से वार्ड क्रमांक 14/15 में चतुर्भटा में सीसी सड़क का भूमिपूजन, 27 लाख की लागत से चतुर्भटा में सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन, 40 लाख की लागत से वार्ड क्रमांक 10/11 मिडवासा में सीसी सड़क का भूमिपूजन, 40 लाख की लागत से वार्ड क्रमांक 1/2 सीसी सड़क निर्माण का भूमिपूजन, 6 लाख की लागत से काली माई मंदिर में छत निर्माण का भूमिपूजन, 40 लाख की लागत से महुआखेड़ा पठा के वार्ड क्रमांक 3/4 में सीसी सड़क का भूमिपूजन, 40 लाख की लागत से वार्ड क्रमांक 5,6,7,8,9 में सीसी सड़क का भूमिपूजन, 25 लाख की लागत से मंगल भवन के पास सामुदायिक शौचालय एवं पार्किंग निर्माण का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही 30 लाख की लागत से वार्ड क्रमांक 6 में डोम एवं स्टेज का निर्माण का लोकार्पण, 50 लाख की लागत से वार्ड क्रमांक 9 में बाउंड्रीवॉल पार्क, झूला के लोकार्पण, 18 लाख की लागत से वार्ड क्रमांक 9 में सीसी सड़क का लोकार्पण, 20 लाख की लागत से वार्ड क्रमांक 9 में मुक्तिधाम के सौदर्यीकरण का लोकार्पण, 10 लाख की लागत से मुख्य मार्ग पर पेबर ब्लॉक का लोकार्पण, 50 लाख की लागत से वार्ड क्रमांक 9,8,9,11 में सीसी सड़क का कायाकल्प अभियान अंतर्गत लोकार्पण और 15 लाख की लागत से वार्ड क्रमांक 1,2,10 और 11 में मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाइट का लोकार्पण समेत अन्य कार्यों का लोकार्पण किया।

## सार-समाचार

### टेबल टेनिस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बाजी मारकर जीते गोल्ड मेडल



**बीना, देशबन्धु।** सागर में आयोजित खेलों एमपी संभाग स्तरीय टेबिल टेनिस प्रतियोगिता में बीना के खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल जीतकर नगर का नाम रोशन किया है। कोच अजय राजपूत ने बताया कि सागर संभाग में टेबल टेनिस के खेल में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीते। अब यह खिलाड़ी प्रदेश स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में इंदौर में अपना हुनर दिखाएंगे। यह प्रतियोगिता इंदौर में 3 से 5 अक्टूबर तक आयोजित होगी। बालिका वर्ग में आराध्या राजपूत, माही राजपूत, गरिमा व्यास, सानवी ठाकुर ने गोल्ड मेडल जीता। बालक वर्ग में आदित्य नामदेव, पुष्कर साहू, ध्रुव तिवारी, रचित श्रीवास्तव ने गोल्ड मेडल जीता। जिसमें बीना नगर के 7 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय खेलों एमपी प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

### युवाओं ने सड़को पर लगाई झाड़ू, कचरा एकत्र किया



**राहतगढ़।** सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते नगर की मुख्य सड़के कचरा से सनी पड़ी थी और जगह-जगह कचरा की ढेर लगे थे। नगर में विराजमान आर्यिकारत्न अनंतमति माताजी की आहारचर्या के पूर्व जैन समाज के युवाओं ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन गंज मंदिर से बस स्टैंड तक मुख्य मार्ग पर झाड़ू लगाया और कचरा ट्रॉली में एकत्र किया। वही स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मुख्य नगर अधिकारी सहित कर्मचारियों ने बस स्टैंड परिसर सहित आसपास क्षेत्र में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। सीएमओ आरसी अहिरवार ने कहा कि अपने घरों के आसपास सफाई रखे। घरों का कचरा एकत्र कर कचरा गाड़ियों में डालें। इस मौके पर नगर परिषद के कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत भाजपा ने चलाया सफाई अभियान



**बण्डा, देशबन्धु।** महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती से पहले देशभर में अभियान चलाया गया, जहां बण्डा में भाजपा प्रत्याशी साहित भाजपा के सभी कार्यकताओं व नगर के नागरिकों ने सफाई अभियान मैं श्रम दान किया, अभियान के तहत बंडा मुख्य बस स्टैंड बरा चौराहा से नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए गांधी मूर्ति तक सफाई अभियान चलाया। जिसमे स्वच्छता मैं श्रमदान देने के पश्चात विधान सभा बंडा भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह लोधी ने कहा की अपने आस पड़ोस की साफ सफाई करना हमारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी है, अपने आस पड़ोस साफसफाई रखकर हम कई बीमारियों से बच सकते है। मंडल अध्यक्ष विवेक मिश्रा ने संदेश दिया की भारत मिशन की टीम ठोस कचरा प्रबंधन के लिए अभियान चला रही है, परंतु यह अभियान तभी सफल हो सकता है जब हम जैविक कचरा एवं पालस्टिक को अलग-अलग डस्टबिन मैं डाले, सफाई अभियान मैं बंडा नगर पंचायत के अधिकारी व कर्मचारियों ने भी श्रम दान किया। जिनमें नप अध्यक्ष वैभवराज कुकरेले, सीएमओ पीडी पाठक, उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, राजा सिंह नौरज, पीडी राठौर, अनिरुद्ध सिंह, नितेश जैन, वीरबल सिंह आदि सहित नगर के नागरिकों ने स्वच्छता अभियान मैं श्रमदान किया।

## पर्यटकों के लिए खुला वीरांगना रानी दुर्गावती नौरादेही अभ्यारण्य



**रहली, देशबन्धु।** प्रदेश का सबसे बड़ा अभ्यारण्य अपने नए नाम के साथ रविवार को पर्यटकों के लिए खोल दिया गया। अभ्यारण्य स्टाफ द्वारा प्रवेश द्वार पर पर्यटकों का स्वागत किया और फूल माला पहनकर सीजन के प्रथम पर्यटकों को हरी झंडी दिखाकर जंगल सफारी पर रवाना किया। प्रदेश में इस सातवें सबसे बड़े टाइगर रिजर्व के अस्तित्व में आने के साथ ही बुंदेलखंड अंचल में इको टूरिज्म के नए द्वार खुल गए, रविवार को टाइगर रिजर्व की सफारी के लिए वन्यजीव प्रेमियों ने बुकिंग कराई थी जिसमें जिन्हे एसडीओ सेवाराम मालिक व वन अमले ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री मालिक ने बताया की प्रथम दिवस नागपुर वा जबलपुर के तीन ग्रुपो में 12 लोग जंगल सफारी के लिए गए थे वापसी के दौरान सेलानियो ने अपने अनुभव सांझा किये अभ्यारण्य क्षेत्र उन्हे काफी पसंद आया, जंगल में उन्हें जानवर, पक्षी, वनस्पति देखने को मिली, थोड़े बहुत रास्ते सुधार करने को कहा गया है जो कि बरसात के बाद आम तौर पर कबर हो जाते है, लगातार ऑनलाइन बुकिंग जारी है, अब हिनौती गेट से भी पर्यटकों को प्रवेश प्रारंभ किया है इसके पहले केवल बीना बारह गेट से प्रवेश था।

# देश के विकास में संस्कृति एवं भाषा का बहुत महत्व: प्रो पांडे




**भोपाल, देशबन्धु।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में चल रहे हिंदी पखवाड़े के अंतिम समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति खेम सिंह डहेरिया थे एवं अध्यक्षता संग्रहालय के निदेशक प्रो अमिताभ पांडेय ने की।

कार्यक्रम में संग्रहालय के निदेशक प्रो पांडे ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि देश के विकास में संस्कृति एवं भाषा का बहुत महत्व है। संग्रहालय में विभिन्न भाषा-भाषी लोग कार्यरत हैं पर उनकी अभिव्यक्ति हिंदी है, इसीलिए मानव संग्रहालय एकता में अनेकता का अतुलनीय उदाहरण है। वहीं कुलपति डहेरिया ने अपने उद्बोधन में कहा की भारत में हिंदी को जनमानस की भाषा बनाने में फिल्म उद्योग की बड़ी भूमिका रही है। वैश्विक स्तर पर हिंदी को मान्यता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के संयुक्त राष्ट संघ में दिए गए भाषण के कारण मिली ।वर्तमान में सातवीं भाषा के रूप मे हिंदी विश्व स्तर पर स्थान बनाए हुए है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में हिंदी को ज्यादा महत्व दिया जा रहा है।

### विजेता प्रतिभागी पुरस्कृत

इस अवसर पर हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय नगद पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। टंकण प्रतियोगिता में प्रथम रचना श्रीवास्तव, द्वितीय कुलबहादुर थापा, तृतीय एन. सकमाचा सिंह। वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम राजेंद्र कुमार झारिया, तापस विस्वास, द्वितीय मोहन लाल गोयल, पी. अनुराधा। तृतीय डा. मोहम्मद रेहान एवं डीडी सेनापति रहे। काव्यप्रस्तुति में प्रथम शिखा टहनगुरिया, द्वितीय तापस विस्वास, तृतीय अभिषेक यादव। स्कूल विद्यार्थियों के लिए तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में प्रथम जागृति केवट, द्वितीय भूमि सिंह परिहार, तृतीय अमन राजपूत, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम कर्नल नितिनराज देशेपांडे,द्वितीय मनोज जैन और तृतीय पी. अनुराधा रहे।

## कृष्णकांत और नरेंद्र का हुआ चयन



**भोपाल, देशबन्धु।** कोलार रोड स्थित एलएनसीटी विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के बीपीईएस द्वितीय वर्ष के छात्र कृष्णकांत पटेल एवं नरेंद्र कुमार का चयन गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाले 13वे सब जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता मे हआ है। दोनों खिलाड़ी पूर्व में कई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग ले चुके हैं एवं महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता मे शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक प्राप्त कर चुके हैं। इनके अलावा मध्य प्रदेश ड्रॉप रोबॉल टीम मे शिवा यादव, उदय घावरी, प्रिंस मिश्रा, संकेत द्विवेदी, अमन कीर शामिल है। बुदनी के विशाल यादव को टीम का कोच नियुक्त किया गया है। सभी खिलाड़ियों को ड्रॉप रोबॉल मध्य प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनुपम चौकसे , विश्वविद्यालय एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. धर्मेंद्र गुप्ता, वाइस चांसलर प्रो. डॉ. एन.के. थापक, रजिस्ट्रार डॉ. अजीत सोनी ने शुभकामनाएं दी।

**न्यायालय तहसीलदार सागर नगर तहसील व जिला सागर**

**आम सूचना**

रा.प्र.क्र/अ-6/2023-24
मौजाः सागर खास

अशोक जैन पिता स्व. मुन्नालाल जैन निवासी वर्णी कॉलोनी तहसील व जिला सागर (म.प्र.)

.........आवेदक

बनाम

श्रीमति कान्तिबाई पत्नि डॉ. बालमुकुन्द सैनी निवासी कटरा सागर तहसील व जिला सागर

.........अनावेदकगण

जरिये सूचना पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक जैन पिता स्व. मुन्नालाल जैन निवासी वर्णी कॉलोनी सागर तहसील व जिला सागर द्वारा मौजा सागर खास पटवारी ह.न. 65 स्थित भूमि ख.न. 106/6 में से रकवा 0.018 वर्गमीटर भूमि पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 09.02.1978 के आधार पर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने बावत् आवेदन सहदस्तावजों सहित न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में आपको कोई आपत्ति हो तो आप पेशी दिनांक 17/10/23 को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तत करे। बाद सूचना उपस्थित न होने पर आप अनावेदकगण के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जायेगा। आज दिनांक 26/9/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

पेशी दिनांक- 17/10/23 तहसीलदार
जारी दिनांक- 26/9/23 सागर नगर

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय वृद्धजन देखभाल कार्यक्रम अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 1 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य संस्थाओं में बुजुर्गों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक कमला नगर में किया जाएगा, जिसमें वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। शिविर में अस्थि रोग, नेत्र रोग, नाक कान गला रोग, जनरल मेडिसिन, फिजियोथेरेपी, सर्जरी, महिला रोग, दंत रोग, मनोरोग सेवाएं प्रदान की जावेगी। बुजुर्गों का नेत्र परीक्षण कर निशुल्क चश्मे वितरित किए जाएंगे। सभी वृद्धजनों की हाइपरटेंशन, मधुमेह एवं खून की जांच निशुल्क की जावेगी। आभा आईडी एवं आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा भी स्वास्थ्य शिविर में उपलब्ध रहेगी।

### मतदाताओं का होगा सम्मान

वहीं अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस राज्य स्तरीय वृद्धजन सम्मान कार्यक्रम का आयोजन प्रशासनिक अकादमी के सभागार में 12 बजे से किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रविशंकर राय ने बताया कि इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार भोपाल के 80 वर्ष या इससे अधिक उम्र के मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। श्री राय ने बताया कि भोपाल जिले में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और बूथ लेवल ऑफिसर अपने अपने क्षेत्र के 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को उनके निवास स्थान पर ही सम्मानित करेंगे। भोपाल जिले में 80 से 100 साल के बीच 23 हजार 506 मतदाता है, जबकि 147 मतदाता शतायु हैं। इसके साथ ही 7 हजार 579 दिव्यांग मतदाता है।

# किशोरी से शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**भोपाल, देशबन्धु।** ऐशबाग इलाके में रहने वाली किशोरी की इंस्टाग्राम पर एक युवक से दोस्ती हो गई। दोस्ती जब प्यार में बदली तो युवक ने शादी का झांसा दिया तथा एक दिन किशोरी को घर ले जाकर उसके साथ ज्यादती की। वह करीब तीन महीने तक शारीरिक शोषण करता रहा। किशोरी ने कल मामले की शिकायत पुलिस को कर दी। पुलिस ने बलात्कार का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 17 वर्षीय किशोरी ऐशबाग इलाके की एक कॉलोनी में रहती है। करीब तीन महीने पहले इंस्टाग्राम पर उसकी दोस्ती विशाल सेन नाम के युवक से हो गई थी। इंस्टाग्राम पर चैटिंग के दौरान ही पता चला कि विशाल उसके मोहल्ले के पास ही रहता है। इसके चलते विशाल उसे मिलने के लिए बुलाने लगा। करीब ढाई महीने विशाल किशोरी को अपने घर लेकर गया। यहां पर उसने बहला-फुसलाने के बाद उसके साथ ज्यादती की। बताया गया है कि उसने किशोरी को शादी का झांसा दिया था। उसने कहा कि उिसके बालिग होते ही वह उससे शादी कर लेगा। इस तरह से वह उसका शारीरिक शोषण करने लगा। पिछले दिनों युवक ने किशोरी से पैसे मांगना शुरू कर दिया।

# आज से 3 संभागों में तेज बारिश के आसार

**भोपाल, देशबन्धु।** वर्षा का मौसम (एक जून से लेकर 30 सितंबर तक) शनिवार को औपचारिक रूप से समाप्त हो गया। हालांकि, बंगाल की खाड़ी में गहरा कम दबाव का क्षेत्र और अरब सागर में अवदाब का क्षेत्र बन गया है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार इनके असर से नमी आने की वजह से रविवार से पूर्वी मध्य प्रदेश के जबलपुर, शहडोल, रीवा संभाग के जिलों में मध्यम स्तर की वर्षा शुरू होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी ने बताया कि वर्तमान में उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में गहरा कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। इसके रविवार को उत्तरी ओडिशा और उससे लगे बंगाल के तट पर पहुंचने की संभावना है। कोंकण-गोवा के तट पर अवदाब का क्षेत्र बन गया है। इन दोनों के असर से कुछ नमी आने लगी है। इस वजह से एक अक्टूबर से जबलपुर, शहडोल, रीवा संभाग के जिलों में मध्यम स्तर की वर्षा का सिलसिला शुरू होने की संभावना है। उधर, शनिवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक छिंदवाड़ा में पांच, मंडला में दो मिमी वर्षा दर्ज की गई।

**कार्यालय नगर परिषद पलेरा जिला टीकमगढ़ म.प्र.**

क्रं./लो.नि.वि./निविदा/2023-24/1025 पलेरा दिनांक 29.09.2023

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं आमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2023_UAD_ 31362_2<br>30.09.2023 | मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना (चतुर्थ चरण) योजना अंतर्गत<br>1. थाना तिराहा से कॉलेज तक (सरगापुर रोड़) रोड़ के बीच में डिवाईडर एवं रैलिंग कार्य एवं सड़क के किनारे दोनों ओर रेलिंग कार्य।<br>2. हायर सेकेण्डरी स्कूल से बालाजी पेट्रोल पम्प तक एवं मेन रोड से हरतला मंदिर तक बी.टी. रोड निर्माण मेन रोड से पठेश्वरी तालाब तक बीटी रोड निर्माण कुंजी खटीक के मकान से माता मंदिर तक बी.टी. रोड़ निर्माण, हायर सेकेन्डरी स्कूल से प्रभाकर सिंग्या के मकान तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य। | 1- 2 माह<br>2-18436324 | 1-12500/-<br>2. 92182/- | 10.10.2023 |
| 2 | 2023_UAD_ 31105_4<br>30/09/2023 | कायाकल्प 20 योजना अंतर्गत कॉलेज तिराहा से छोटा बस स्टेण्ड तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य। | 1- 2 माह<br>2-4174795 | 1-10000/-<br>2-31311/- | 10.10.2023 |

**नोट:-** निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

( श्रीमती गायत्री/विनोद वर्मा )
अध्यक्ष
नगर परिषद पलेरा
जिला टीकमगढ़ ( म.प्र. )

( राजबीर सिंह भदोरिया )
उपयंत्री
नगर परिषद पलेरा
जिला टीकमगढ़ ( म.प्र. )

( राजेश अवस्थी )
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद पलेरा
जिला टीकमगढ़ ( म.प्र. )

# वृंदावन तालाब में मिला युवक का मिला शव

## पुलिस ने दो पर किया हत्या का मामला दर्ज, दूसरे प्रकरण की जांच जारी

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर के अलग अलग स्थानों पर दो मौतों के मामले सामने आए हैं, जहां एक लॉज के कमरे में युवक का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला, तो वही वृंदावन तालाब में लाश मिलने से क्षेत्र भर में सनसनी फ़ैल गई।जानकारी के अनुसार रविवार को सिटी कोतवाली से महज़ कुछ ही दूरी पर स्थित समय गेस्ट हाउस के 13 नंबर कमरे में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सुचना पुलिस को प्राप्त हुई।मौके पर पहुंची पुलिस की शिनाख्त में मृतक का नाम शिवम कुशवाहा निवासी जतारा सामने आया है।वही गेस्ट हाउस के स्टाफ ने बताया की शिवम कल एक लड़की के साथ गेस्ट हाउस में रुकने के लिए आया था।करीब एक-दो घंटे बाद लड़की वहां से चली गई थी।

उक्त लड़की रविवार को पुन: गेस्ट हाउस में आई और कुछ ही देर बाद में वहां से चली गई। गेस्ट हाउस के सफाईकर्मी जब रूम नंबर 13 में सफाई करने पहुंचे तब अंदर से गेट लॉक था ।जब खिड़की से देखा तो युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका था। जिसके बाद तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई ।मौके पर पहुंची पुलिस ने गेट तोड़कर शव को फंदे से उतारा तत्पश्चात पीएम के लिए शव को ज़िला अस्पताल भेज दिया गया ।इस मामले कि पड़ताल पूरी ही नहीं हो पाई थी कि वृंदावन तालाब में शव पड़े होने की जानकारी पुलिस को मिल गई।जहां पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से लाश को पानी से बाहर निकाला मृतक का नाम रितेश बताया जा रहा है जो भगत नगर कॉलोनी का रहने वाला था।मृतक के परिवार वालों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए, कोतवाली टीआई आनंदराज से मामले की जांच किए जाने कि मांग कर दी।सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक रितेश के साथ तालाब पर दो अन्य लोग साथ थे, जिनके साथ मौके पर उसका विवाद हुआ था।बाद में उसे तालाब में धक्का दे दिया गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

कोतवाली टीआई आनंदराज ने बताया कि युक्त मामले में दो लोगों के खिलाफ हत्या सहित एससी एसटी की धरायो के तहत प्रकरण दर्ज किया हैं। वही लॉज में हुई मौत की घटना की जांच जारी हैं। पीएम रिपोर्ट के बाद कुछ कहा जा सकता है।

# अधिकारियों की मिलीभगत क्रेशर संचालक कर रहे अवैध उत्खनन



**बल्देवगढ़,. देशबन्धु।** क्षेत्र अंतर्गत टीकमगढ़ रोड पर आहार पुलिया पावर हाउस के पास सोलंकी स्टोन क्रेशर के संचालक द्वारा शासन के नियम कायदे कानून की परवाह किए बिना ही स्वीकृत लीज क्षेत्र से बाहर पत्थरों का अवैध उत्खनन जोरों पर चल रहा है। शासन के नियम अनुसार क्रेशर संचालक को पत्थर खोदने के लिए जमीन से 6 मीटर तक खुदाई करने की अनुमति है। लेकिन सोलंकी स्टोन क्रेशर संचालक ने पूरा पहाड़ खोद डाला है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने कलेक्टर व एसडीएम से की है। शिकायत के बाद भी क्रेशर संचालक पर कार्यवाही नहीं होने से क्रेशर संचालक के हौसले बुलंद हैं। दिनदहाड़े पत्थरों की मनमानी खुदाई का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि तहसील अंतर्गत आहार पुलिया पावर हाउस पर स्थित सोलंकी स्टोन क्रेशर संचालक द्वारा खनन विभाग के अधिकारियों मिली भगत के चलते पत्थर खदान संचालक की मनमानी अपने चरम पर है। शासन द्वारा स्वीकृत लीज क्षेत्र से बाहर अवैध उत्खनन किया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो खदान की आड़ में पत्थर के अवैध कारोबार चल रहे हैं। इससे सरकार को प्रतिमाह करोड़ों का चूना लग रहा है, लेकिन इस गोरख धंधे से जुड़े लोग रातों रात लखपति बन रहे हैं। और विभाग इस गोरख धंधा पर अंकुश लगाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है।

### प्रतिबंधित विस्फोटक का उपयोग

पत्थर व्यवसायियों पर खनिज विभाग मेहरबान है, क्षेत्र में अवैध खनन का धंधा भी फल-फूल रहा है। सूत्रों की माने तो उक्त खदान में खनन में प्रतिबंधित विस्फोटक अमोनियम नाइट्रेट का भी प्रयोग होता है। चर्चा है कि उक्त खदान संचालकों को खनिज विभाग ने जिन नियम शर्तों के अलावा जितना भू-खण्ड पत्थर उत्खनन के लिए दिया था, उससे कहीं अधिक क्षेत्र में उत्खनन का कार्य किया गया है। इसके अलावा पत्थर खदान संचालकों ने पत्थर उत्खनन स्थल को खाई के रूप में परिवर्तित कर दिया है, इससे स्पष्ट होता है कि अवैध खनन प्रशासन की मिलीभगत से होता है।

### क्रेशर संचालक उड़ा रहे नियमों की धज्जियां

सूचना का अधिकार से हमें मिली जानकारी के अनुसार स्टोन क्रेशर संचालक को पर्यावरण का विशेष ध्यान रखते हुए पत्थर खदान के चारों ओर 10 लाख रुपए से अधिक पेड़ पौधे लगाने के लिए खर्च करने पड़ते हैं। जिससे कि ब्लास्टिंग के बाद पत्थरों की धूल बाहर नहीं जा सके और स्वीकृत खदान चारों ओर 4 मीटर ऊंची बाउंड्री का निर्वाणी किया जाना था। जिससे आसपास में रहने वाले किसानों को परेशानी नहीं हो, लेकिन नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए क्रेशर संचालक द्वारा खदान के आसपास एक भी पेड़ नहीं लगाया गया है और ना ही बाउंड्री का निर्माण किया गया है, जिससे आसपास में खेती करने वाले किसान परेशान हैं, उनकी भूमि बंजर में तब्दील होती जा रही है।

# बाइक अनियंत्रित होने से चालक गंभीर रूप से घायल

**लिधौरा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ईशोन के मोड़ पर शनिवार को एक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर हंड्रेड पुलिस लिधौरा घायल युवक को उपचार के लिए जतारा अस्पताल ले गई।

हंड्रेड पुलिस लिधौरा के आरक्षक राहुल टेकरिया व पायलेट अभिषेक राय ने बताया कि लिधौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ईशोन गांव के पास मोड़ पर एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई। इस घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही हंड्रेड पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर, घटना में घायल युवक गोविंद वंशकार निवासी सुंदरपुर को, घायल अवस्था में उपचार के लिए जतारा अस्पताल ले जाया गया। जहां युवक का उपचार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार घायल युवक ईशोन गांव से जतारा की ओर आ रहा था, तभी ईशोन गांव के पास मोड़ पर अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# मोर को अजगर ने निगला, वन विभाग व स्नेक सेवर टीम ने अजगर का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा



**जतारा, देशबन्धु।** क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मांची में शनिवार की सुबह करीब 11 बजे बहुत बड़े साइज का अजगर सांप मिला। जिसकी लंबाई लगभग 8 से 9 फुट थी, जिसका अनुमानित वजन लगभग 18 से 20 किलोग्राम था। उस अजगर सांप ने राष्ट्रीय पक्षी मोर को निगल लिया था, जिसकी वजह से वह सही तरह से चल नहीं पा रहा था।

स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना स्नेक सेवर विष्णु घोष व वन विभाग टीम को दी। सूचना मिलते ही स्नेक सेवर टीम व वन विभाग की टीम ग्राम मांची में पहुँची। स्नेक सेवर टीम व वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से अजगर सांप का रेस्क्यू ऑपरेशन किया और फिर वन विभाग द्वारा परेवा हार के जंगल में अजगर को सुरक्षित छोड़ा गया। इस रेस्क्यू अभियान में मुख्य रूप से वन विभाग टीम से जेपी यादव, बीट प्रभारी प्रमोद सिंह, स्नेक सेवर टीम से विष्णु घोष, रविन्द्र सिंह, अजय अहिरवार, ब्रजेन्द्र सिंह, वसंत कुमार, चंद्रपाल साहू की अहम भूमिका रही।

# सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करना लोगों को पड़ा महंगा, पुलिस ने बस स्टैंड से लोगों को गिरफ्तार कर की कार्यवाही

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** कस्बे में आए दिन देर शाम व रात को बस स्टैंड की दुकानों पर बैठकर कई लोग शराब का सेवन करते हैं। बस स्टैंड पर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे आम लोगों सहित महिलाओं को परेशानी निकलने में बस स्टैंड पर बैठने में परेशानी होती है। कई बार तो बस स्टैंड पर शराबियों का आम लोगों से विवाद भी हो जाता है, जिससे बस स्टैंड का माहौल खराब बना रहता है। इसी के संबंध में किसी व्यक्ति ने थाना प्रभारी को सूचना दे दी।

थाना प्रभारी नीरज लोधी ने मुखबिर की सूचना पर तत्काल पुलिस बल के साथ बस स्टैंड पर जाकर चेक किया तो मौके पर 6 लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करते हुए पाए गए। पुलिस की टीम ने शराब का सेवन कर रहे सुनील अहिरवार, दिव्वू चढ़ार, छोटेलाल अहिरवार, करीम अली, किशोरीलाल पाल, व मनोज चढ़ार को गिरफ्तार कर पुलिस थाने में ले जाया गया। जहां पर इन 6 लोगों के सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने पर मामला दर्ज किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी नीरज लोधी व पुलिस टीम से प्रधान आरक्षक सादिक खान, विजय सिंह, मुकेश राय आरक्षक पंकज साहू, अजीत सिंह, राजेश सिंह, जाहर यादव की अहम भूमिका रही।

# अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठजन दिवस पर वृद्धा का कलेक्टर ने किया सम्मान



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर अवधेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य में वरिष्ठजनों को आत्मीय सम्मान देने के लिये आज स्थानीय उत्सव भवन में एक अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठजन दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री शर्मा ने वरिष्ठ मतदाताओं को शॉल, श्रीफल से सम्मानित कर अपने उद्बोधन में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में सभी से मतदान में भागीदारी करने की अपील की।

कार्यक्रम में वरिष्ठजनों का आयुष विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया जिसमें 280 वृद्धजनों ने भाग लिया। साथ ही विभाग द्वारा स्वास्थ्यवर्धक दवाईयां दी गई। वरिष्ठजनों के साथ परिचर्चा भी की। इस दौरान जिला समन्वयक जनसेवा मित्र श्रीराम की उपस्थित मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र लगभग 98 बच्चों ने कार्यक्रम में सहभागिता की गई। कार्यक्रम में उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण आरके पस्तोर ने वृद्धजनों के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर वरिष्ठजन के रूप में डॉ. एनएम अवस्थी, आरपी तिवारी, पूरन लाल गुप्ता तथा उनके सहयोगी, डॉ. एके उपाध्याय, जिला योजना अधिकारी रामबाबू गुप्ता, श्रीमती श्रद्धा चौहान, केएन सरवैया, राघवेन्द्र राजपूत विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री वीरेन्द्र चंसौरिया ने किया।

## महात्मा गांधीजी जयंती पर मद्य निषेध सप्ताह 2 से 8 अक्टूबर तक

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** महात्मा गांधीजी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मनाया जायेगा। इसका मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ती हुई। मद्यपान तथा नशीली दवा, मादक पदार्थों के दुष्परिणामों से युवाओं, विद्यार्थियों एवं समाज को अवगत कराया जाकर, नशा सेवन प्रवृत्ति की रोकथाम के लिये जनजागृति एवं चेतना निर्माण किया जायेगा। मद्य निषेध सप्ताह के तहत जिले में जिला स्तर पर, अनुभाग, जनपद, नगरीय निकाय तथा ग्रामों में नशामुक्ति अभियान हेतु सभा का आयोजन कर नशामुक्ति के लिये शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस गतिविधियों में जिला स्तरीय समितियों द्वारा सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी एवं अशासकीय संस्थाओं तथा धर्मगुरूओं द्वारा प्रस्तावित नवाचार को भी जोड़ा जायेगा।

# एक साथ एक घंटेः स्वच्छता के लिए अभियान में ग्रामीण क्षेत्रों में किया श्रमदान



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** स्वच्छता ही सेवा 2023 अंतर्गत 2 अक्टूबर गांधी जयंती के शुभ अवसर की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को आदरांजलि दिए जाने हेतु प्रदेश सहित टीकमगढ़ जिले के सभी ग्रामों, ग्राम पंचायतों में आज एक साथ एक घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान अभियान का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार कार्यक्रम के तहत प्रत्येक ग्राम एवं ग्राम पंचायत में एक घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री ग्राम बनाने के लिए जागरूकता की गतिविधियां आयोजित की गईं। इस अवस पर समस्त नागरिकों से आव्हान किया गया कि वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को आदरांजलि स्वरूप स्वच्छता श्रमदान के लिए अपने ग्राम में भागीदारी जरूर करें एवं अपने गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपना योगदान दें।

## गांधी जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर अवधेश शर्मा ने आदेशित किया है कि 2 अक्टूबर गांधी जयंती को संपूर्ण दिवस के लिये जिला टीकमगढ़ की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें एवं देषी मद्यभाण्डागार बंद किया जाना आदेषित किया गया है। शुष्क दिवस में मदिरा का अवैध रूप से निर्माण, अधिपत्य, परिवहन एवं विक्रय नहीं होने का समुचित ध्यान रखा जाये। संबंधित वृत्त, थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि किसी प्रकार की मदिरा का क्रय-विक्रय होने की स्थिति में वह व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

# स्कूटी को बचाने के प्रयास में पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटी, 2 महिलाएं घायल



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** झांसी हाइवे सड़क पर दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुर्राई व बर्माताल के बीच में स्कूटी को बचाने के चक्कर में एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इस घटना में वाहन में सवार दो महिलाएं घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद करते हुए एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस ने मौके पर पहुंच कर घायल महिलाओं को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उनका उपचार किया जा रहा है।

108 एंबुलेंस के ईएमटी प्रहलाद सिंह लोधी व पायलेट नरेन्द्र सिंह ने बताया कि दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बर्माताल के पास आज सुबह करीब 9 बजे स्कूटी को बचाने के प्रयास में एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में वाहन में सवार महिला सुनीता जैन व शशि जैन निवासी दमोह घायल हो गई, साथ ही वाहन चालक को भी मामूली चोटें आईं। पिकअप वाहन में रखा हुआ सामान सड़क किनारे फैल गया व पिकअप क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद की और एंबुलेंस को फोन कर बुलाया। जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन जैन तीर्थस्थल बंधाजी से दमोह जा रही थी, जिसमें तीन महिलाएं बैठी हुई थी।

## महात्मा गांधी जयंती पर मद्य निषेध सप्ताह 2 से 8 अक्टूबर तक

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** महात्मा गांधीजी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मनाया जायेगा। इसका मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ती हुई। मद्यपान तथा नशीली दवा, मादक पदार्थों के दुष्परिणामों से युवाओं, विद्यार्थियों एवं समाज को अवगत कराया जाकर, नशा सेवन प्रवृत्ति की रोकथाम के लिये जनजागृति एवं चेतना निर्माण किया जायेगा। मद्य निषेध सप्ताह के तहत जिले में जिला स्तर पर, अनुभाग, जनपद, नगरीय निकाय तथा ग्रामों में नशामुक्ति अभियान हेतु सभा का आयोजन कर नशामुक्ति के लिये शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस गतिविधियों में जिला स्तरीय समितियों द्वारा सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी एवं अशासकीय संस्थाओं तथा धर्मगुरूओं द्वारा प्रस्तावित नवाचार को भी जोड़ा जायेगा।

# केन्द्रीय मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** दो अक्टूबर को जिले सहित नगर के रेलवे स्टेशन एवं जिला दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र में सफाई अभियान चलाया जाएगा। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन केन्द्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन एवं जिला दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र (डीडीआरसी) टीकमगढ़ में किया गया। स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम के तहत टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन एवं डीडीआरसी में लगभग 1 घंटे तक श्रमदान करते हुए सफाई की गई। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के 105वें एपिसोड में गांधी जयंती से पहले 01 अक्टूबर को बापू को स्वच्छांजलि देने के लिए 1 घंटे का श्रमदान करने की अपील की गई थी। इस क्रम में आज समूचे देश में कश्मीर से कन्याकुमारी एवं अटक से कटक तक सभी स्थानों पर स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन एवं डीडीआरसी टीकमगढ़ में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है, ताकि स्वच्छ भारत का सपना साकार हो सके।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नुना, विवेक चतुर्वेदी पूर्व कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष, अनुराग वर्मा सांसद प्रतिनिधि, कलेक्टर अवधेश शर्मा, एसडीएम संजय दुबे, तहसीलदार, विभिन्न विभागों के अधिकारी, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव, संध्या सोनी, पुष्पा यादव, नेहा अवस्थी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभय यादव, हरप्रसाद कुशवाहा, अनीस खान, प्रफुल्ल द्विवेदी, अभिषेक खरे रानु, जनमेजय तिवारी, बद्दू राजा, पुष्पेन्द्र तिवारी, रोहित बैशाखिया, राजेन्द्र पस्तोर सामाजिक न्याय अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक के पीके बाजपेयी सहित बड़ी संख्या में बैंकों के कर्मचारी, शासकीय सेवक एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# मध्यप्रदेश को ₹19,000 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात



## 2.21 लाख पीएम आवासों का "गृह प्रवेशम्"

एवं

पीएम आवास (शहरी) में

1355 आवासों व अन्य इकाइयों का "लोकार्पण"

एवं

5 राष्ट्रीय राजमार्ग

मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क, इंदौर

ग्वालियर, श्योपुर की 3 जल जीवन मिशन परियोजनाएं

आईआईटी इंदौर छात्रावास एवं अन्य भवन

9 शहरों में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का

**शिलान्यास**

तथा

दिल्ली-वडोदरा-मुम्बई एक्सप्रेस-वे

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की ग्वालियर, रतलाम परियोजनाएं

विक्रम उद्योगपुरी उज्जैन तथा आईआईटी इंदौर अकादमिक भवन

अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग स्पोर्ट्स सेन्टर, ग्वालियर

38 कि.मी. ग्वालियर-सुमावली रेलवे लाइन परिवर्तित आमान का

**लोकार्पण**

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

के कर-कमलों द्वारा

2 अक्टूबर, 2023 । दोपहर 3:30 बजे । ग्वालियर, मध्यप्रदेश



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

**मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क, इंदौर**
विभिन्न परिवहन सेवाओं की एकीकृत सुविधा के निर्माण से औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन एवं 15 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोज़गारों का सृजन

**राष्ट्रीय राजमार्ग**
144 कि.मी. लंबी सड़कों के निर्माण से सुगम यातायात एवं सुरक्षित आवागमन संभव, किसानों को उपज के विक्रय में सुविधा

**जल जीवन मिशन परियोजनाएं**
ग्वालियर और श्योपुर ज़िलों के 723 गांवों को स्वच्छ जल, वर्ष 2025 तक 1 करोड़ 19 लाख ग्रामीण घरों में नल से जल का लक्ष्य

**क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक**
9 शहरों के शासकीय अस्पतालों में कुल 450 बिस्तरों की बढ़ोत्तरी से चिकित्सा सुविधाओं में वृद्धि

**दिल्ली-वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेस-वे**
औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा, रोज़गार के अवसरों का सृजन एवं बेहतर कनेक्टिविटी से किसानों को लाभ

**विक्रम उद्योगपुरी, उज्जैन**
1132 एकड़ में बहु-उत्पाद औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए सुविधाओं के विकास से निवेश को बढ़ावा

**अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग स्पोर्ट्स सेंटर, ग्वालियर**
विकास के सक्षम वातावरण के साथ दिव्यांग बच्चों को खेलों में प्रोत्साहन और प्रशिक्षण के अवसर

**ग्वालियर-सुमावली रेलवे आमान परिवर्तन**
38 कि.मी. आमान परिवर्तन एवं नई यात्री ट्रेनों के संचालन से ग्रामीण क्षेत्र सीधे रेल सेवा से जुड़ेंगे, स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधाओं तक पहुंच होगी आसान

D-11131/23

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी आकल्पन: म.प्र. माध्यम/2023


स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।